हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

रायपुर की आनंद वाटिका अब सज चुकी है

Welcome at

ANAND Vatika



HAPPY DUSSEHRA

Valet Parking

Sunday Open

ANAND Jewels

Pandri, Raipur

Scan to Experience it live

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

A2

MAHAVIR ASHOK

JEWELLERS

SINCE 1952

By Kamlesh Burad

74 YEARS OF LEGACY

74 वर्षों की विरासत • पीढ़ियों का विश्वास

इस Festival Season को बनाइए अपना

Golden Season

MAKING CHARGES STARTING FROM

1.9%*

सीमित दिनों के लिए

LIMITED-TIME OFFER



RECOGNISED BY LEADING NATIONAL MEDIA HOUSES



ET NOW 2025
TOP 50 JEWELLERY
BRANDS OF INDIA



IBC24 VIEWERS CHOICE AWARD
BEST JEWELLERY SHOWROOM
IN CHHATTISGARH
(2014)



DAINIK BHASKAR PRESENTS
EWDL EXCELLENCE AWARDS
(2012)

Madhuban Hotel, Sadar Bazaar,
Raipur, Chhattisgarh

0771 4098006 / 07

Valet Parking
Available

*T&C Apply



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

पुलिस बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच आरती-अर्चना, शांतिपूर्ण मेला संपन्न होने पर जताया आभार

बिना व्यावधान नवरात्रि... पुलिस फोर्स ने मां बम्लेश्वरी के दरबार में टेका माथा





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खास खबर

शारदीय नवरात्रि के दौरान चुनौतीपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था का सफलतापूर्वक निर्वहन करने के बाद राजनांदगांव पुलिस ने सोमवार को डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में पहुंचकर आरती-अर्चना की। पुलिस बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच पुलिस अधिकारियों और जवानों ने मां के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और सुरक्षा की कामना की। नवरात्रि पर्व के दौरान छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा डोंगरगढ़ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारु दर्शन व्यवस्था के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस के अनुसार, पूरे नवरात्रि मेले के ⏭शेष पेज 6 पर

दोपहर 12:50 बजे प्रारंभ होगी दशमी तिथि, दहन प्रदोष काल में, इसलिए दशहरा आज

देश के कुछ स्थानों पर छठवार को होगा रावण दहन, अधिकतर स्थानों पर आज ही दशहरा



रायपुर। आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 20 अक्टूबर को दोपहर 12:50 मिनट पर शुरू होगी। इस तिथि का समापन 21 अक्टूबर को दोपहर 2:11 मिनट पर होगा। अर्थात मंगलवार को सूर्योदय के समय नवमी तिथि विद्यमान रहेगी, दशमी तिथि दोपहर में प्रारंभ होगी। इसके बाद भी दशहरा आज मनाया जाएगा। रावण दहन प्रदोष काल में किए जाने की परंपरा है। प्रदोष काल ⏭शेष पेज 6 पर

दशहरा पूजा मुहूर्त

विजय मुहूर्त - दोपहर 1:59 से 2:45 बजे तक
अपराह्न पूजा का समय - दोपहर 1:14 से 3:30 बजे तक
दशमी तिथि प्रारम्भ - 20 अक्टूबर को दोपहर 12:50 बजे
दशमी तिथि समाप्त - 21 अक्टूबर को दोपहर 2:11 बजे
श्रवण नक्षत्र प्रारम्भ -19 अक्टूबर को दोपहर 3:38 बजे
श्रवण नक्षत्र समाप्त - 20 अक्टूबर को दोपहर 6:02 बजे

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹109708/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹133990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹146262/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
anand Jewels Pandri, Raipur

खबर संक्षेप

आडवाणी हॉस्पिटल से हुए डिस्चार्ज



नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की सेहत में सुधार के बाद सोमवार को उन्हें इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। 98 वर्षीय आडवाणी को सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद 16 अक्टूबर को भर्ती कराया गया था। अस्पताल की ओर से जारी बयान के अनुसार, उनका उपचार न्यूरोलाजी के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. विनित सूरी की देखरेख में चल रहा था।

एक्टर इमरान की याचिका पर 26 को सुनवाई

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट 26 अक्टूबर को एक्टर इमरान खान की याचिका पर सुनवाई करेगा। उन्होंने मुंबई पुलिस के भारत छोड़ने के आदेश को चुनौती दी है। पुलिस ने उन्हें 28 अक्टूबर तक देश छोड़ने को कहा है। इमरान को 10 अक्टूबर को मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया था। उन्होंने याचिका में कहा कि वह प्रदर्शन में शामिल नहीं हुए थे ।

ट्रांसपोर्टिंग और हास्टल के नाम पर हर एमबीबीएस छात्र से वसूले जा रहे 4 लाख 58 हजार तक अतिरिक्त

अफसरों ने दबाया छात्रों को 360 करोड़ लौटाने का आदेश, मेडिकल कालेजों ने फिर वसूले 125 करोड़

ट्रांसपोर्टिंग और हॉस्टल शुल्क के नाम पर निजी मेडिकल कालेजों की वसूली रुकने का नाम नहीं ले रही है। बीते साल हरिभूमि की रिपोर्ट के आधार पर प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति ने निजी मेडिकल कालेजों को 360 करोड़ रुपए लौटाने का आदेश दिया था। समिति ने कहा था कि प्रति छात्र 4 लाख 58 हजार रुपए तक की फीस वापस करें, साथ ही 7 फीसदी ब्याज भी दें।



नए विद्यार्थियों से वसूली की शिकायत के बाद मामला उछला, वर्तमान चेयरमैन ने कहा- जांच कराई जाएगी



विकास शर्मा ⏭ रायपुर

खास खबर

कालेजों पर 10-10 लाख जुर्माना भी लगाया गया था। लेकिन अफसरों ने सरकार के आदेश को भी दबा दिया। किसी कालेज से वसूली नहीं की गई। अब हाल यह है कि लौटाना तो दूर, कालेजों ने फिर से बेखौफ होकर अतिरिक्त फीस की वसूली जारी रखी है। प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति के चैयरमेन डा. शिवकुमार पांडे ने कहा कि वे इस मामले की फाइल फिर से खोलेंगे और जांच कराएंगे। निजी मेडिकल कालेजों को नो प्राफिट-नो लॉस ट्यूशन फीस के अलावा अन्य सुविधाओं पर शुल्क तय करने का नियम है। इसे नजरअंदाज करते हुए कालेज अपनी मनमानी करते हुए पालकों पर अनावश्यक शुल्क पटाने का दबाव बनाते है। निजी कालेज की इस वसूली में विभागीय मिलीभगत भी बराबरी के साथ है। पिछले साल ⏭शेष पेज 6 पर

प्रावधान के अनुसार होगी कार्रवाई

एएफआरसी के वर्तमान अध्यक्ष डा. शिवकुमार पांडे ने कहा कि उन्होंने नवंबर में ज्वाइनिंग दी थी। वर्तमान में आ रही शिकायतों के आधार पर यह पता चला कि मेडिकल कालेजों के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी। ज्यादा फीस लिए जाने की जो शिकायत सामने आ रही है उसकी जांच कराई जाएगी। प्रायवेट मेडिकल कालेज ऐसा कर रहे हैं तो उनके खिलाफ प्रावधान के अनुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

ऐसे समझें वसूली का गणित

समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि ट्रांसपोर्टिंग, हॉस्टल और अन्य मदों में एक छात्र से 4 लाख 58 हजार रुपए तक ज्यादा वसूले गए हैं। एमबीबीएस पांच साल कोर्स है। इस साल प्राइवेट मेडिकल कालेजों में 1300 छात्रों ने प्रवेश लिया है। इससे पहले बीते चार साल में औसतन 900 से 1000 छात्र प्रवेश लेते रहे हैं। सभी प्राइवेट मेडिकल कालेजों में पांचों साल को मिलाकर करीब 5000 छात्र पढ़ते हैं। करीब 225 करोड़ रुपए हर साल वसूले जाते हैं। इस राशि को एक महीने में वापस करने और सात फीसदी ब्याज भी देनी थी। बीते साल तक करीब 300 करोड़ वापस करने थे। अब यह राशि 500 करोड़ तक पहुंच गई है।

स्पष्टीकरण भी लिया गया

प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति के पूर्व सदस्य योगेश वर्ल्यानी ने बताया कि अनुशंसा के खिलाफ निजी मेडिकल कालेज हाईकोर्ट गए थे। न्यायालय के निर्देश पर उनका पक्ष सुना गया जिसमें महंगाई और इंफ्रास्ट्रक्चर के खर्च को शुल्क अधिक लेने का कारण बताया गया था। जवाब संतोषपूर्ण नहीं होने पर कमेटी के पूर्व चेयरमेन ने कालेजों पर की गई कार्रवाई की अनुशंसा को बरकरार रखा था। समय बीतने के बाद एएफआरसी की नई टीम काम करने लगी।

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

रिश्वत की जांच के लिए मंजूरी जरूरी नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि किसी पुलिसकर्मी पर रिश्वत मांगने का आरोप हो, तो उसके खिलाफ जांच शुरू करने के लिए पहले से अनुमति लेना जरूरी नहीं है। अदालत ने कहा कि रिश्वत मांगना सरकारी ड्यूटी का हिस्सा नहीं है, इसलिए ऐसे मामलों में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत मिलने वाली सुरक्षा लागू नहीं होती।

रिश्वत मांगना सरकारी ड्यूटी का हिस्सा नहीं

अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17A हर मामले में लागू नहीं होती। इस धारा के तहत कुछ मामलों में लोक सेवक के खिलाफ जांच शुरू करने से पहले मंजूरी लेना जरूरी है, लेकिन यह नियम तभी लागू होता है, जब आरोप उसके आधिकारिक काम के दौरान लिए गए किसी फैसले या की गई सिफारिश से जुड़ा हो।

ओझा बने चीफ सेलेक्टर सीनियर समिति में पोवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रमेश पोवार को सीनियर पुरुष चयन समिति में शामिल किया गया है, जबकि पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर प्रज्ञान ओझा को नया चीफ सेलेक्टर नियुक्त किया गया। बीसीसीआई ने सोमवार को बताया कि ओझा को उनकी वरिष्ठता के आधार पर चयन पैनल का अध्यक्ष बनाया गया है।

सीएसी ने की थी सिफारिश

पोवार के नाम की सिफारिश क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने सर्वसम्मति से की थी। इस समिति में अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे शामिल थे, जिन्होंने पिछले हफ्ते बीसीसीआई मुख्यालय में आवेदकों की स्क्रीनिंग और इंटरव्यू लिया था। पवार का इंटरव्यू जूनियर चयन समिति के सदस्य के पद के लिए भी लिया गया था।

बेचने की फिराक में पकड़ा गया बुजुर्ग

9 साल पहले पायलीखंड से चुराए 146 हीरे बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुद

पुलिस ने हीरे बेचने ग्राहक की तलाश कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। 146 हीरे के छोटे- छोटे टुकड़े 9 साल पहले पायलीखंड से चुराए गए थे। बरामद हीरो की कीमत 10 लाख से अधिक बताई जा रही है। एनएच-30 पर कोड़ापार नहर पुलिया के पास 146 नग हीरे जैसे बहुमूल्य पत्थर के साथ भाटापारा निवासी 64 वर्षीय बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी इन पत्थरों को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। जब्त सामग्री की कुल कीमत 10 लाख 15 हजार 200 रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध हीरे लेकर ग्राहक की तलाश में एनएच-30 पर खड़ा है। पुलिस टीम ने कोड़ापार पुलिया के पास त्वरित घेराबंदी ⏭शेष पेज 6 पर

पायलीखंड खदान से चुराए थे हीरे

तलाशी लेने पर आरोपी के पास से नीले और फिरोजी रंग की झिल्ली में लिपटे 146 नग सफेद, चमकदार और पारदर्शी हीरे मिले, जिनका शुद्ध वजन 13.49 ग्राम है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने इन बहुमूल्य हीरों को वर्ष 2018 में गरियाबंद जिले के पायलीखंड खदान क्षेत्र से चुराया था। लंबे समय तक छिपाकर रखने के बाद अब वह इन्हें खपाने के लिए कुरुद क्षेत्र में ग्राहक तलाश रहा था।



हरिभूमि

बिलासपुर
मंगलवार 20 अक्टूबर 2026
आश्विन शुक्ल पक्ष दशमी
वर्ष : 26, अंक : 210
पृष्ठ : 14+8+8 = 30 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 33.2
न्यून. 24.3

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य संपरीक्षा विभाग की ऑडिट रिपोर्ट से खुलासा

बिना मस्टररोल मजदूरी, निर्माण से श्रमवीर गायब, राशि के संदिग्ध इस्तेमाल के 330 मामले, पांच करोड़ का खेल

खास खबर

छत्तीसगढ़ की ग्राम पंचायतों में योजना मद के काम जैसे ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्यों, मजदूरी और विभिन्न सरकारी योजनाओं के कामकाज में संदिग्ध भुगतान के थोक मामले सामने आए हैं। राज्य सरकार के संपरीक्षा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार इसमें ग्राम पंचायतों में सरकारी राशि के उपयोग को लेकर ऑडिट में 330 आपत्तियां दर्ज की गई हैं। इन मामलों में कुल 5 करोड़ 16 लाख 50 हजार 936 रुपये की राशि शामिल है। इनमें बिना मस्टर रोल के मजदूरी का भुगतान, बिना मजदूर लगाए निर्माण कार्य, वगैरह ⏭शेष पेज 6 पर

मजदूरों के बिना करा दिया निर्माण

बिलासपुर जिले की मस्तूरी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत केवटरा में मजदूरों या श्रमिकों के बिना निर्माण कार्य कराए जाने को अनियमित ⏭शेष पेज 6 पर

बिना मस्टर रोल के हुआ पेमेंट

रायपुर जिले की अभनपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत उल्बा में बिना मस्टर रोल के मजदूरी भुगतान को ⏭शेष पेज 6 पर



ये है संदिग्ध भुगतान

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (जीपीएम) जिले की मरवाही जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत करहनी में योजना मद से संदिग्ध भुगतान के रूप में 36 हजार रुपये की राशि दर्ज है। ऑडिट तालिका में अन्य ग्राम पंचायतों में भी योजना मद से संदिग्ध भुगतान का उल्लेख है। जहां आपत्ति के संक्षिप्त विवरण में भुगतान की विशिष्ट वजह नहीं बताई गई है, वहां अनियमितता का अतिरिक्त कारण स्पष्ट नहीं है।

इधर

बिना अनुमति खर्च कर दी राशि

ऑडिट में कुछ मामलों में मूल अनुदान राशि को स्थानीय आवश्यकताओं से अलग मदों में खर्च करने और गैर-अनुमत कार्यों पर व्यय करने को लेकर भी आपत्तियां दर्ज हैं। इन मामलों में यह जांचना जरूरी है कि राशि स्वीकृत उद्देश्य के अनुरूप खर्च हुई या नहीं, भुगतान के समर्थन में जरूरी दस्तावेज उपलब्ध हैं या नहीं और संबंधित निर्माण कार्य वास्तव में कराया गया था या नहीं। ऑडिट में दर्ज आपत्तियों के अनुसार, कई मामलों में बिना मस्टर रोल के मजदूरी भुगतान किया गया, जबकि कुछ जगह मजदूरों या श्रमिकों के बिना निर्माण कार्य कराए जाने को अनियमित अथवा संदिग्ध बताया गया है। इसके अलावा योजना मद से संदिग्ध भुगतान और स्वीकृत उद्देश्य से अलग मदों में राशि खर्च करने के मामले भी सामने आए हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

मस्क अमेरिका के हर बच्चे को देंगे स्पेसएक्स का शेयर

वाशिंगटन। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क अगले साल अमेरिका के हर बच्चे को उनकी रॉकेट बनाने वाली कंपनी स्पेसएक्स का एक शेयर गिफ्ट करेंगे। मस्क ने 19 अक्टूबर को अपने सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म एक्स पर इसका ऐलान किया। अभी स्पेसएक्स के एक शेयर की कीमत 146 डॉलर यानी करीब 14 हजार रुपए के बराबर है। अमेरिका में करीब 7.2 करोड़ बच्चे हैं। ऐसे में बांटे जाने वाले शेयर्स का मूल्य 1 लाख करोड़ रुपए होगा। हालांकि करोड़ों बच्चों तक इसे पहुंचाने की प्रोसेस क्या रहेगी? फिलहाल मस्क या उनकी कंपनी की तरफ से इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई हैं। 30 जून 2026 तक की एक रेगुलेटरी फाइलिंग के मुताबिक स्पेसएक्स में मस्क की कुल हिस्सेदारी 48.4% है।

जयपुर, दिल्ली के रास्ते नेपाल भागने की तैयारी में थे आरोपी

टाइगर की हत्या की थी प्लानिंग राजस्थान में दबोचे गए 3 शूटर

एजेंसी ⏭ जयपुर

मुंबई में अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को सोमवार सुबह कोटा राजस्थान में गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस से मिली सूचना के बाद राजस्थान पुलिस ने त्वरित ऑपरेशन में पुणे, जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल डिब्बे से तीनों को पकड़ा।

मुंबई पुलिस ने सोमवार को साफ किया कि गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी नाबालिग नहीं हैं। इनमें एक की उम्र 18 साल, जबकि बाकी दो की उम्र 22-22 साल है। वारदात के बाद तीनों मुंबई से भाग निकले थे, लेकिन पुलिस ने करीब 15 घंटे के भीतर उन्हें राजस्थान के कोटा में एक ट्रेन से पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरियाणा के सोनीपत निवासी फूल सिंह नरेश (18), रेहान राहीउसुद्दीन (22) और बिहार के बेगूसराय निवासी ऋतिक उर्फ रोशन (22) के रूप में हुई है। मुंबई पुलिस के डीसीपी ने बताया कि, जिस तरह से गोलियां चलाई गईं, उससे लगता है, आरोपी मर्डर के प्लान से ही आए थे। पुलिस के मुताबिक, दो आरोपियों ने टाइगर श्रॉफ की कार पर पांच से सात राउंड फायरिंग की थी। पुलिस के मुताबिक, वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल मुंबई के अंधेरी इलाके में मिली थी। हालांकि, आरोपियों के पास से फायरिंग में इस्तेमाल हथियार बरामद नहीं हुए हैं।

- 15 घंटे में गिरफ्तारी, 20 टीमों ने चलाया ऑपरेशन



तीनों शूटर वापस कोटा लाए गए

सुरक्षा कारणों और एहतियात को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने रात के समय आरोपियों को लेकर मुंबई के लिए रवाना होने का फैसला फिलहाल टाल दिया। कुछ दूर जाने के बाद पुलिसकर्मी आरोपियों को लेकर वापस थाने लौट आए। फिलहाल तीनों आरोपियों को कोटा के रेलवे कॉलोनी थाने में ही कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। सुरक्षा व्यवस्था इतनी चाक-चौबंद है कि थाने के बाहर भारी पुलिस बल और कमांडो तैनात किए गए हैं, जिससे पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

दो आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड आया सामने

जांच के दौरान दो आरोपियों की पिछली गतिविधियों से जुड़ी जानकारी भी सामने आई है। फूल सिंह नरेश हरियाणा के सोनीपत जिले का रहने वाला है और 12वीं पास है। उसके खिलाफ साल 2025 में वाहन चोरी का मामला दर्ज हुआ था। दूसरा आरोपी रेहान राहीउसुद्दीन सोनीपत का निवासी है और नौवीं कक्षा तक पढ़ा है। उसके खिलाफ 2026 में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। रेहान के पिता रईसुद्दीन ने बताया कि उनका बेटा कुछ महीने पहले हथियार से जुड़े मामले में पकड़ा गया था और फिलहाल जमानत पर बाहर था।

पकड़े गए जनरल कोच से

शुरुआती पूछताछ के अनुसार, ये तीनों आरोपी कल शाम वारदात के बाद इस ट्रेन में बैठ गए। इनकी योजना जयपुर से बस पकड़कर दिल्ली जाने और वहां से नेपाल भागने की थी। उन्होंने कहा कि आरोपी रेहान, लारेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े अनिल पंडित के संपर्क में था। पुलिस ने बताया कि आरोपी पुणे-जयपुर ट्रेन से यात्रा कर रहे थे जो सुबह 10:17 बजे कोटा रेलवे स्टेशन पहुंची। कई टीमें बनाईं और ट्रेन की सघन तलाशी ली जिसके दौरान तीनों आरोपियों को जनरल कोच से पकड़ लिया गया।

आरोपियों में कोई नाबालिग नहीं

सोमवार शाम को मुंबई में संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते हुए, पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने उन शुरुआती खबरों का खंडन किया, जिनमें कहा गया था कि पकड़े गए तीन लोगों में से एक नाबालिग है। पुलिस उपायुक्त राज तिलक रोशन ने कहा, "एक व्यक्ति 18 साल का है और बाकी दो 22 वर्ष के हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपियों द्वारा फिल्मस्टार की हत्या की योजना थी।

गैंगस्टर पंडित का वीडियो वायरल

कई मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक कथित ऑडियो क्लिप काफी वायरल हुई, जिसमें पानीपत निवासी और अमेरिका में रह रहा 32 वर्षीय गैंगस्टर अनिल पंडित यह दावा करता सुनाई दे रहा है कि टाइगर श्रॉफ पर इसलिए हमला किया गया कि उन्होंने अभिनेता सलमान खान के साथ काम न करने की चेतावनियों को नजरअंदाज किया था। अनिल पंडित को सलमान खान से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और बिश्नोई समुदाय से माफी की मांग करते हुए सुना जा सकता है।

12 हजार फीट पर खुला भारतीय विमान का दरवाजा बांग्लादेश में इमरजेंसी लैंडिंग



नई दिल्ली। भारत से कोलकाता जा रही एक एयर एंबुलेंस को रविवार को तकनीकी खराबी के कारण बांग्लादेश में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी. उड़ान के दौरान विमान का दरवाजा आंशिक रूप से खुल गया था। इसके बाद विमान को ढाका के हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया। विमान में सवार 56 साल की भारतीय महिला अंजना भौमिक की बाद में अस्पताल में मौत हो गई। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि उनकी मौत का संबंध विमान में आई तकनीकी खराबी से था या किसी दूसरी मेडिकल परेशानी से।

डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, अंजना भौमिक को विमान की लैंडिंग के बाद कुर्मिटोला मल्टीकेयर स्पेशलाइज्ड हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन के प्रभारी बताया कि अंजना की मौत रविवार शाम करीब 4:40 बजे हुई।

मानवीय आधार पर बांग्लादेश ने दी मदद

बीएसएस के मुताबिक, विमान के पास अंतरराष्ट्रीय लैंडिंग के लिए जरूरी मंजूरी नहीं थी। इसके बावजूद बांग्लादेशी अधिकारियों ने मानवीय आधार पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग में मदद की। ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग ने भी बांग्लादेशी अधिकारियों के साथ समन्वय कर जरूरी राजनयिक औपचारिकताएं पूरी कराने में सहायता की।

दिल्ली हाई कोर्ट का अहम फैसला

नाबालिग रेप पीड़िता को गर्भपात की इजाजत

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने रेप पीड़ित नाबालिग गर्भवती को लड़की को लेकर बड़ा सुनाया है। कोर्ट ने 16 साल की नाबालिग लड़की के 31 हफ्ते के गर्भ गर्भपात



की इजाजत दे दी है। कोर्ट ने गर्भपात का खर्च उठाने के लिए राज्य सरकार को निर्देश जारी किया है। हाई कोर्ट ने गर्भ को खत्म करने की इजाजत देते हुए कहा कि कि गर्भपात को केवल रेप पीड़िता के अधिकार के तौर पर नहीं, बल्कि इसे मानवीय अधिकार के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए।

नाबालिग से परवरिश की उम्मीद रखना गलत

इस मामले की सुनवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस मिनी पुष्करणा ने कहा कि नाबालिग को गर्भपात की इजाजत इसलिए दी जानी चाहिए, क्योंकि अगर रेप पीड़िता नाबालिग बच्चे को जन्म देगी तो सम्मानपूर्वक जीवन जीने में उसे परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसलिए किसी नाबालिग बच्ची से बच्चे को जन्म देने और उसको पालने की उम्मीद करना सही नहीं है।

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, चार की मौत, आंसू गैस के गोले छोड़े

इंफाल। मणिपुर में भड़की ताजा हिंसा में चार लोगों की मौत के बाद राजधानी इंफाल में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। सोमवार 19 अक्टूबर को मुख्यमंत्री वाई. खेमचंद सिंह के इम्फाल स्थित आवास के बाहर स्थानीय लोग दो मृतकों के शव लेकर पहुंच गए और उन्हें मुख्यमंत्री आवास के गेट के बाहर रखकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। हालात संभालने के लिए वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने आंसू गैस के गोले छोड़े और प्रदर्शनकारियों को हटाने की कोशिश की। यह विरोध प्रदर्शन जंगल में लकड़ी इकट्ठा करने गए ⏭शेष पेज 6 पर

- इंफाल में सीएम आवास के बाहर शव रखकर प्रदर्शन

मुश्किल में सौरव-रांका, दो दिन और बढ़ी न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली। उच्च सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद प्रतिबंधित क्षेत्र जंतर-मंतर पर घुसने के आरोप में तिहाड़ जेल भेजे गए काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सह-संयोजक सौरव दास और आशुतोष रांका का दशहरा अब तिहाड़ जेल में ही बीतेगा। पांच दिनों की जेल अवधि पूरी होने के बाद सोमवार को दोनों को मंदिर मार्ग स्थित स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट (एसईएम) कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत दो दिन और बढ़ा दी है।



सरकार खेल रही गंदी चाल : दीपके

अभिजीत दीपके ने एक्स पर लिखा, 'सरकार जानबूझकर आशु और सौरव की गैर-कानूनी गिरफ्तारी को लंबा खींच रही है, कोर्ट की कार्रवाई में देरी करने और उनकी रिहाई को रोकने के लिए हर गंदी चाल चल रही है।

नेहा बोरा ने शांति बॉन्ड को दी चुनौती

ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की अध्यक्ष नेहा बोरा दिल्ली पुलिस के एक नोटिस के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है। बोरा का दावा है कि नई दिल्ली जिला पुलिस की ओर से जारी इस नोटिस में उन्हें 19 अक्टूबर को स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट के सामने पेश होने और जांच के दौरान शांति बनाए रखने के लिए ⏭शेष पेज 6पर

एफएसएसएआई ने जीपेटो पर कसा शिकंजा

त्योहारों में धड़ल्ले से बिक रहा एक्सपायरी बेसन

नई दिल्ली। दिल्ली में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाने-पीने की चीजों से जुड़े कई मामलों में कार्रवाई की है। इनमें जीपेटो पर



एक्सपायरी डेट निकल चुके बेसन के दो पैकेट डिलीवर करने की शिकायत भी शामिल है। इसके अलावा क्रीम रोल के नाम, क्रैनबेरी कैप्सूल के दावों और अनार के जूस के लेबल पर भी सवाल उठे हैं। प्राधिकरण ने अलग-अलग मामलों में कंपनियों को नोटिस जारी किए हैं या कानूनी प्रक्रिया शुरू करने की मंजूरी दी है।

जीपेटो के खिलाफ की गई शिकायत

जीपेटो के खिलाफ शिकायत की गई थी कि ग्राहक को बेसन के दो पैकेट उनकी इस्तेमाल करने की आखिरी तारीख निकलने के बाद डिलीवर किए गए। पैकेट पर इस्तेमाल की आखिरी तारीख 12 सितंबर 2026 लिखी थी। इस शिकायत पर एफएसएसएआई ने कंपनी को नोटिस जारी किया है। प्राधिकरण ने जीपेटो से ऑर्डर, डिलीवरी, गोदाम, विक्रेता और सामान से जुड़ी जानकारी मांगी है। कंपनी को यह भी बताना होगा कि चूक कैसे हुई।



भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा और बीरगांव में भाजपा-कांग्रेस ने शुरू की रणनीतिक तैयारी

बीरगांव समेत चार निगमों में आरक्षण के बाद दावेदार एक्टिव, अब प्रतीक्षा डुगडुगी बजने की

छत्तीसगढ़ के चार नगर निगमों भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा और बीरगांव में आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ने लगी है। दिसंबर में प्रस्तावित चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने वार्ड स्तर पर राजनीतिक समीकरणों का आकलन शुरू कर दिया है। आरक्षण की स्थिति स्पष्ट होने के बाद पार्षद और महापौर पद के दावेदार अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने में जुटे हैं। चुनाव कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा का इंतजार है।

वार्डों में नए चेहरों को मिल सकता है मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चारों नगर निगमों में चुनाव भाजपा और कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। चारों नगर निगम में कांग्रेस के महापौर हैं। कांग्रेस के सामने अपने मौजूदा जनाधार को बनाए रखने की चुनौती है, वहीं भाजपा स्थानीय निकायों में अपनी राजनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए रणनीति तैयार कर रही है। दोनों दलों की नजर ऐसे चेहरों पर रहेगी, जिनकी वार्ड में सक्रियता, जनसंपर्क और स्थानीय समस्याओं पर पकड़ हो। चारों नगर निगमों में आरक्षण के बाद चुनावी तैयारी का अगला चरण प्रत्याशी चयन और वार्डवार रणनीति का होगा। चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ राजनीतिक गतिविधियां और तेज होने की संभावना है।

खास खबर

भाजपा-कांग्रेस के सामने अलग-अलग चुनौतियां

भाजपा स्थानीय निकायों में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए संगठनात्मक सक्रियता और नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता दे सकती है। वहीं कांग्रेस के सामने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों को जनता के सामने रखने और स्थानीय स्तर पर संगठन को सक्रिय बनाए रखने की चुनौती रहेगी। हालांकि, चुनावी रणनीति केवल पार्टी के नाम पर निर्भर नहीं करेगी। वार्ड स्तर पर प्रत्याशी की छवि, मतदाताओं से संपर्क, स्थानीय समस्याओं का समाधान और संगठन की सक्रियता भी परिणाम को प्रभावित करने वाले होंगे।



बीरगांव में भी चुनावी तैयारी

रायपुर जिले के बीरगांव नगर निगम में भी आगामी चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की नजर वार्डवार समीकरणों पर है। प्रत्याशी चयन के दौरान स्थानीय समस्याओं, विकास कार्यों, पेयजल, सड़क, सफाई और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों की भूमिका महत्वपूर्ण रहने की संभावना है। वार्डों की आरक्षण श्रेणी के अनुरूप दावेदार अपनी संभावनाओं का आकलन कर रहे हैं।

रिसाली और भिलाई-चरोदा में भी दावेदार सक्रिय

रिसाली नगर निगम के 40 वार्डों में 8 वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग, 7 अनुसूचित जाति और 3 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। शेष 22 वार्ड सामान्य श्रेणी में रखे गए हैं। यहां भी आरक्षण के बाद संभावित प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी मजबूत करने की कवायद शुरू कर दी है। भिलाई-चरोदा नगर निगम में भी आरक्षण के बाद राजनीतिक दलों की गतिविधियां तेज होने की संभावना है। यहां स्थानीय संगठन, वार्डों में कार्यकर्ताओं की सक्रियता और संभावित प्रत्याशियों की सामाजिक स्वीकार्यता टिकट वितरण में महत्वपूर्ण हो सकती है।

भिलाई में आरक्षण से बदले समीकरण

भिलाई नगर निगम के 70 वार्डों में आरक्षण के बाद चुनावी समीकरण बदल गए हैं। उपलब्ध आरक्षण विवरण के अनुसार, 23 वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हैं। इनमें 8 वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए निर्धारित हैं। अनुसूचित जाति के लिए 9 और अनुसूचित जनजाति के लिए 3 वार्ड आरक्षित किए गए हैं। सामान्य वर्ग के लिए 24 वार्ड रखे गए हैं, जिनमें 11 महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। आरक्षण के कारण कई मौजूदा पार्षदों को दूसरे वार्डों में संभावनाएं तलाशनी पड़ सकती हैं। वहीं, महिला आरक्षण से नए दावेदारों के लिए अवसर बन सकते हैं। राजनीतिक दलों के सामने अब आरक्षित श्रेणियों के अनुरूप प्रत्याशियों का चयन करने की चुनौती होगी।

दहेज प्रताड़ना मामले में अमेरिका में रहने वाले पति की अंतरिम जमानत खत्म

बिलासपुर। रायपुर की महिला की शिकायत पर दर्ज दहेज प्रताड़ना के मामले में हाईकोर्ट ने अमेरिका में रह रहे पति सुनील कुमार अग्रवाल को गिरफ्तारी से मिली अंतरिम राहत समाप्त कर दी है। यह मामला रायपुर के रवि नगर निवासी जिज्ञासा उर्फ नेहा गोयल और उनके पति सुनील कुमार अग्रवाल के वैवाहिक विवाद से जुड़ा है। सुनील अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना राज्य के कैरी शहर में रहते हैं। इस याचिका में उनके भाई मनोज कुमार अग्रवाल और भाभी भवानी अग्रवाल भी याचिकाकर्ता हैं। दोनों रायपुर के शुभम विहार, महावीर नगर के निवासी हैं।



रायपुर की महिला की शिकायत पर दर्ज दहेज प्रताड़ना का मामला

अभिलेख के अनुसार सुनील और जिज्ञासा का विवाह 7 मई 2013 को हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह के बाद दोनों अमेरिका में रहने लगे और उनके तीन बच्चे हुए। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत में बताया गया कि अप्रैल 2024 में कंपनी ने सुनील को एक परियोजना के सिलसिले में भारत भेजा था। परियोजना पूरी होने के बाद अप्रैल 2025 में वे तीनों बच्चों के साथ अमेरिका लौट गए।

याचिकाकर्ताओं के अनुसार पति-पत्नी के बीच विवाद होने के बाद जिज्ञासा रायपुर में रहने लगीं। उन्होंने महिला थाना में शिकायत की थी। इसके बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, रायपुर के 16 जनवरी 2026 के आदेश के पालन में 29 जनवरी 2026 को महिला थाना रायपुर में प्राथमिकी दर्ज की गई। इसमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 85 और 3(5) के तहत आरोप लगाए गए।

पहले मिली थी गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा

याचिकाकर्ताओं ने प्राथमिकी को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। 22 अप्रैल 2026 को अदालत ने अंतरिम राहत देते हुए मनोज और भवानी अग्रवाल की गिरफ्तारी पर अगली सुनवाई तक रोक लगाई थी। यह राहत जांच में सहयोग करने की शर्त पर दी गई थी। सुनील कुमार अग्रवाल की ओर से भी प्राथमिकी निरस्त करने की मांग की गई थी। खंडपीठ ने दोनों के बीच समझौता कराने का प्रयास किया, लेकिन बातचीत के बाद अदालत ने पाया कि आपसी सहमति से विवाद सुलझने की संभावना नहीं है।

कांग्रेस ने मतदाता सूची में पारदर्शिता और मताधिकार की सुरक्षा की उठाई मांग

रायपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'वोट बचाओ–देश बचाओ' आंदोलन के तहत सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल रैली निकालकर निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा की मांग उठाई।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा शहर के अध्यक्ष अजितेश शर्मा और तिल्दा ग्रामीण के अध्यक्ष बलदाऊ साहू के संयुक्त आयोजन में निकाली गई रैली में जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए। रैली एसडीएम कार्यालय पहुंची, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का पाठ किया। इसके बाद राष्ट्रगान गाकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में दीनदयाल चौक पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करने और मताधिकार से संबंधित शिकायतों का निष्पक्ष निराकरण करने की मांग की। रायपुर ग्रामीण जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने कहा, लोकतंत्र की मजबूती स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया पर निर्भर करती है। प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने और मताधिकार का प्रयोग करने का समान अवसर मिलना चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, संविधान का अनुच्छेद 326 वयस्क मताधिकार के सिद्धांत को स्थापित करता है।

14 पत्थरों को जोड़कर तैयार की गई है नई मूर्ति, सालभर से बोढ़ी गांव में रखी हुई प्रतिमा

चंदखुरी में बदलेगी भगवान श्रीराम की 51 फीट ऊंची प्रतिमा, दीपावली तक स्थापना की तैयारी

रायपुर। चंदखुरी स्थित माता कौशल्या धाम में भगवान श्रीराम की नई प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी तेज हो गई है। वर्तमान में स्थापित 51 फीट ऊंची प्रतिमा का पिछला हिस्सा क्रैक होकर गिरने के बाद इसे बदलने की प्रक्रिया में तेजी आई है।

- पुरानी 51 फीट की प्रतिमा का पिछला हिस्सा टूटकर गिरने के बाद तेज हुई प्रक्रिया

ग्वालियर में तैयार नई प्रतिमा एक साल से अधिक समय से बोढ़ी गांव में रखी हुई है। अब इसे दीपावली और तुलसी पूजा के बीच शुभ अवसर पर मंदिर परिसर में स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। बता दें कि नई प्रतिमा को स्थापित करने से पहले मूर्ती की अच्छे से सफाई और फिनिसिंग का कार्य किया जाएगा। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड की अध्यक्ष नीलू शर्मा ने बताया कि नई प्रतिमा पूरी तरह सुरक्षित है। इसे स्थापित करने के संबंध में संतों से चर्चा हो चुकी है। प्रयास है कि दीपावली और तुलसी पूजा के बीच प्रतिमा की स्थापना कर दी जाए। हालांकि, स्थापना की अंतिम तारीख मंदिर समिति तय करेगी।

मंदिर समिति तय करेगी स्थापना की तारीख

संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान प्रतिमा का पिछला हिस्सा क्रैक होकर गिर गया है, इसलिए इसे बदलना जरूरी है। उन्होंने मंदिर समिति से जल्द से जल्द नई प्रतिमा की स्थापना की तारीख तय करने का आग्रह किया है। समिति की ओर से तारीख निर्धारित होने के बाद प्रतिमा बदलने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

नई प्रतिमा सुरक्षित है

नई प्रतिमा सुरक्षित है। इसे स्थापित करने के संबंध में मंदिर समिति से बातचीत जारी है। हमारा प्रयास है कि दीपावली और तुलसी पूजा के बीच नई प्रतिमा स्थापित कर दी जाए।

- **नीलू शर्मा**, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड

न्यूनतम तापमान में गिरावट का पहला दौर 21 से, सुबह महसूस होगी ठंड

रायपुर। राज्य में न्यूनतम यानी रात के तापमान में गिरावट का पहला दौर 21 अक्टूबर से शुरू होने की संभावना है। सप्ताहभर तक सुबह-सुबह हल्की ठंड महसूस हो सकती है। अभी रात का पारा सामान्य से तीन डिग्री तक ज्यादा है, जो अपनी सामान्य स्थिति में आएगा। इसके बाद आने वाला पश्चिमी विक्षोभ हवा की दिशा में बदलाव करेगा। वर्तमान में सक्रिय द्रोणिका का असर धीरे-धीरे कमजोर हो जाएगा। इसके बाद राज्य में आने वाली हवा की दिशा में बदलाव होकर उत्तर-पश्चिम होने की संभावना है।

नए संगठन महामंत्री कर्मवीर करेंगे जिलों का दौरा, बस्तर से आगाज

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह संगठन को और मजबूत करने और जिलों के पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त करने के लिए जिलों का दौरा कर बैठकें लेंगे। इसका आगाज बस्तर से हो गया है। आने वाले समय में समय निकालकर संगठन महामंत्री जिलों में जाएंगे और पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे।



नव दायित्व संभालने के बाद कर्मवीर सिंह प्रथम बस्तर प्रवास पर पहुंचे और सर्वप्रथम दंतेवाड़ा शक्तिपीठ में बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद पाया। संभाग मुख्यालय जगदलपुर में भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश संगठन महामंत्री श्री सिंह का जोशीला व आत्मीय स्वागत किया। परिचयात्मक बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया और जनता से अधिक से अधिक संवाद स्थापित करने कहा। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री श्री सिंह ने कहा, बस्तर बहुत विशेष है। वर्तमान में देश काल में जैसी परिस्थितियां जानबूझकर कर निर्मित करने प्रयास रचे जा रहे हैं, सभी भाजपा कार्यकर्ता हर क्षेत्र में जनता से सीधे जुड़कर संवाद बनाएं।

प्रतिबंधित नशीले टेबलेट के कारोबार में शामिल 2 गिरफ्तार, 209 नाइट्रोसन जब्त

रायपुर। राजधानी रायपुर में प्रतिबंधित नशीले टेबलेट बिक्री का कारोबार थम नहीं रहा है। पुलिस लगातार नशीले टेबलेट की बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसके बाद भी इस कारोबार पर अंकुश लग नहीं पा रहा है। इसी कड़ी में गंज थाना एवं एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स ने नाइट्रोसन-10 टेबलेट की बिक्री करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों के कब्जे से 209 टेबलेट के साथ मोबाइल एवं स्कूटी वाहन जब्त किया है।



पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 18 अक्टूबर को एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि तेलघानी नाका ओवरब्रिज के नीचे दोपहिया वाहन में सवार एक व्यक्ति प्रतिबंधित नशीले टेबलेट बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है। इस सूचना पर टॉस्क फोर्स एवं गंज पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ पर पता चला कि आरोपी रोहित धरमवानी 27 वर्ष गुढ़ियारी का निवासी है। उसके वाहन की डिक्की से 100 निट्राजेपम (नाइट्रोसन-10) टेबलेट बरामद हुआ।

बारदाना, बिजली, पेयजल और भंडारण की सुविधा समय पर जुटाने के निर्देश

राज्य के 360 नए धान खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों की व्यवस्था, तैयारियों पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए धान खरीदी की तैयारियां तेज हो गई हैं। किसानों को धान बेचने के लिए दूर नहीं जाना पड़े और खरीदी केंद्रों में भीड़ तथा अव्यवस्था से बचा जा सके, इसके लिए प्रदेश में 360 नए धान खरीदी केंद्र शुरू किए गए हैं। इन केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, बारदाना, बिजली, पेयजल और धान के सुरक्षित भंडारण सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि खरीदी शुरू होने से पहले सभी केंद्रों पर जरूरी संसाधन उपलब्ध करा लिए जाएं। विभागीय तैयारियों में नए केंद्रों की व्यवस्थाओं के साथ बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता और खरीदे गए धान के परिवहन पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

खरीदी शुरू होने से पहले होगा असली इम्तिहान

नए केंद्र खोलने से किसानों को सुविधा मिलने की उम्मीद है, लेकिन इसका वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब सभी व्यवस्थाएं जमीन पर उपलब्ध होंगी। प्रशासन के सामने चुनौती यह है कि प्रत्येक केंद्र पर तौल मशीनें चालू हालत में रहें, बारदानों की कमी न हो और धान का उठाव नियमित होता रहे। किसानों के लिए यह भी महत्वपूर्ण होगा कि तौल के समय उनके सामने वजन दर्ज किया जाए और उन्हें निर्धारित मात्रा के अनुरूप पर्ची मिले। किसी भी तरह की गड़बड़ी होने पर शिकायत दर्ज कराने और उसका निराकरण करने की व्यवस्था भी प्रभावी होनी चाहिए।

खरीदी केंद्रों पर तौल उपकरणों की समुचित व्यवस्था

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए धान खरीदी की तैयारियां तेज हो गई हैं, जिसके तहत टोकन वितरण से लेकर धान के उठाव तक की व्यवस्था को समय रहते दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। नए और पुराने सभी खरीदी केंद्रों पर धान की सही नाप के लिए इलेक्ट्रॉनिक तौल उपकरणों की समुचित व्यवस्था की जाएगी। किसानों को अनावश्यक परेशानी से बचाने के लिए पंजीयन और टोकन वितरण को सुचारु बनाया जाएगा।

तौल मशीनों से लेकर बारदानों तक की तैयारी

नए खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल व्यवस्था महत्वपूर्ण होगी। धान की सही तौल किसान को भुगतान और खरीदी के अभिलेखों के लिए जरूरी है। इसलिए मशीनों की उपलब्धता के साथ उनका सही ढंग से काम करना, समय-समय पर जांच और तौल में पारदर्शिता बनाए रखना भी आवश्यक है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों सहित आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही पर्याप्त बारदाने, बिजली, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध रहें, ताकि किसानों को धान बेचने के दौरान परेशानी न हो।



चिंतन

अपराधियों का बढ़ता दुस्साहस चिंताजनक

मुंबई में अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग की घटना संगठित अपराध के बढ़ते दुस्साहस का चिंताजनक उदाहरण है। पुलिस के अनुसार, हमलावरों का इरादा जान लेने का था। वारदात के कुछ ही घंटों के भीतर तीन संदिग्धों की गिरफ्तारी पुलिस की तत्परता दर्शाती है, लेकिन इस घटना ने कानून-व्यवस्था के सामने गंभीर सवाल भी खड़े किए हैं। आखिर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो रहे हैं कि वे सरेआम गोलियां चलाने से भी नहीं हिचकते? इससे भी गंभीर बात यह है कि ऐसी वारदातों के बाद जिम्मेदारी लेने और धमकियां देने के जरिए अपराधी भय का वातावरण बनाने की कोशिश करते हैं। यह प्रवृत्ति किसी एक व्यक्ति की सुरक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि कानून के इकबाल को चुनौती देने वाली है। पुलिस के मुताबिक, हमलावर कई दिनों से अभिनेता की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे और उन्होंने घर तथा जिम की रेकी भी की थी। जांच में यदि इन तथ्यों की पुष्टि होती है, तो यह स्पष्ट होगा कि वारदात अचानक नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से अंजाम देने की कोशिश की गई। सोशल मीडिया पर उपलब्ध सामग्री से किसी की दिनचर्या और गतिविधियों की जानकारी जुटाना सुरक्षा के लिए नया खतरा बन रहा है। अपराधी तकनीक का इस्तेमाल अपने नेटवर्क को मजबूत करने और वारदातों को अंजाम देने में कर रहे हैं। ऐसे में पुलिस को पारंपरिक निगरानी के साथ डिजिटल माध्यमों पर भी सतर्कता बढ़ानी होगी। इस मामले में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े अनिल पंडित की कथित भूमिका की भी जांच की जा रही है। यदि विदेश में बैठकर स्थानीय अपराधियों के माध्यम से वारदातें करवाने के आरोप प्रमाणित होते हैं, तो यह संगठित अपराध के बदलते स्वरूप का गंभीर संकेत होगा। ऐसे गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई केवल शूटरों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। उनके वित्तीय स्रोतों, हथियारों की आपूर्ति, स्थानीय मददगारों और पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना जरूरी है। राजस्थान के कोटा रेलवे स्टेशन से संदिग्धों की गिरफ्तारी में विभिन्न राज्यों की पुलिस के बीच समन्वय की अहम भूमिका रही। यह सकारात्मक पहलू है, लेकिन पुलिस की सफलता का वास्तविक पैमाना केवल गिरफ्तारी नहीं, बल्कि साजिश की तह तक पहुंचना और अदालत में आरोपों को ठोस साक्ष्यों के साथ साबित करना है। ऐसी घटनाओं में त्वरित और निष्पक्ष जांच के साथ प्रभावी अभियोजन भी सुनिश्चित होना चाहिए। इस मामले में एक आरोपी के नाबालिग होने की बात भी सामने आई थी, हालांकि पुलिस ने गिरफ्तार तीनों संदिग्धों के नाबालिग होने से इनकार किया है। इस तथ्य की पुष्टि जांच से ही होगी। फिर भी युवाओं को अपराध की दुनिया में धकेलने वाले गिरोहों पर गंभीरता से विचार करना जरूरी है। मशहूर अभिनेता हो या सामान्य नागरिक, किसी की सुरक्षा अपराधियों की मर्जी पर नहीं छोड़ी जा सकती। पुलिस को इस मामले में साजिश की अंतिम कड़ी तक पहुंचना होगा और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। अपराधियों का दुस्साहस केवल बयानों से नहीं टूटेगा। इसके लिए जरूरी है कि अपराधी चाहे कहीं छिपे हों, उनका नेटवर्क कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो, कानून की पकड़ से बच न सकें। यही कानून के शासन की कसौटी है और यही आम नागरिक के मन में सुरक्षा का भरोसा कायम करने का रास्ता भी।



मुद्दा

ओमकार चौधरी

फ्रांस की हिंसा के पीछे कौन?

फ्रांस एक बार फिर व्यापक अशांति की गिरफ्त में है। पेरिस से लेकर मार्सेई, लियोन, लिमोज, टूलूज और दूसरे शहरों तक प्रदर्शन, आगजनी, लूट, पुलिस से झड़प और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की घटनाएं सामने आई हैं। 17 अक्टूबर को देशभर में लगभग 5.5 लाख से 8 लाख लोग सड़कों पर उतरे। अधिकांश प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन कई शहरों में नकाबपोश उग्र समूहों ने हिंसा की, दुकानों को लूटा, कारों को आग लगाई और सरकारी इमारतों को निशाना बनाया। करीब 400 लोगों की गिरफ्तारी की रिपोर्ट है। यह आंदोलन अचानक पैदा नहीं हुआ। इसकी मौजूदा लहर 21 सितंबर के आसपास पेरिस के उपनगरों के स्कूलों से शुरू हुई, जहां छात्रों ने शिक्षकों की कमी, जर्जर इमारतों, भीड़भाड़ वाली कक्षाओं, संसाधनों की कमी और शिक्षा व्यवस्था की बदहाली को लेकर विरोध शुरू किया। केवल दस दिनों में यह आंदोलन पेरिस क्षेत्र से निकलकर पूरे फ्रांस में फैल गया। एक अक्टूबर तक एक हजार से अधिक स्कूल विरोध से प्रभावित हो चुके थे। समस्या तब गंभीर हुई जब सरकार ने इसे केवल शैक्षणिक असंतोष न मानकर कानून-व्यवस्था की चुनौती के रूप में लेना शुरू किया। दंगा-रोधी पुलिस और जेंडार्म तैनात किए गए, बड़ी संख्या में गिरफ्तारियां हुईं और पुलिस कार्रवाई के दौरान कई किशोर गंभीर रूप से घायल हुए। 28 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच 6,059 गिरफ्तारियां दर्ज की गईं और 5,060 लोगों को पुलिस हिरासत में लिया गया; इनमें 87 प्रतिशत नाबालिग थे। एक 15 वर्षीय छात्र का हाथ स्टन ग्रेनेड से कट गया, एक 16 वर्षीय छात्र की एक आंख की रोशनी चली गई और एक 14 वर्षीय किशोर का जबड़ा गंभीर रूप से घायल हुआ। यहीं से आंदोलन का चरित्र बदलने लगा। छात्रों की मूल मांगों के साथ पुलिस कार्रवाई का विरोध जुड़ा और फिर महंगाई, ईंधन की बढ़ती कीमत, वेतन, पेंशन और सार्वजनिक सेवाओं की गिरती स्थिति जैसे मुद्दे भी इसमें शामिल होते गए।

ट्रेड यूनियनें, विश्वविद्यालय छात्र और पुराने येलो वेस्ट नेटवर्क के समर्थक भी सड़क पर उतर आए। 17 अक्टूबर का बड़ा राष्ट्रीय प्रदर्शन इसी व्यापक असंतोष का परिणाम था। इस सवाल का सीधा उत्तर यह है कि पूरे आंदोलन को हिंसक कहना गलत होगा। लाखों लोगों के मुख्य जुलूस अधिकांश जगह शांतिपूर्ण रहे। हिंसा मुख्यतः उन छोटे लेकिन संगठित समूहों ने की जिन्हें फ्रांसीसी प्रशासन अल्ट्रा लेफ्ट और ब्लैक बॉक्स या उग्र वामपंथी समूहों के रूप में पहचान रहा है। इनके साथ अवसरवादी लुटेरे भी कई जगह जुड़ गए। पेरिस में सैकड़ों काले कपड़ों में नकाबपोश लोग पुलिस से भिड़े। दुकानों के शीशे तोड़े गए, लूट हुई और कारों में आग लगाई गई। लियोन में पर्यटन कार्यालय जला दिया गया। मार्सेई और लिली में नगर भवनों को नुकसान पहुंचाया गया। लिमोजेस में भी सरकारी संपत्ति को भारी क्षति पहुंची। इसलिए फ्रांस की मौजूदा स्थिति को तीन हिस्सों में समझना चाहिए एक, वास्तविक और व्यापक सामाजिक-आर्थिक असंतोष; दो, राजनीतिक और ट्रेड यूनियन लामबंदी; और तीन, उस आंदोलन में घुसकर हिंसा करने वाले उग्र समूह। अभी तक मौजूदा राष्ट्रीय आंदोलन में बड़ी संख्या में मौतों की पुष्टि नहीं हुई है।



लेकिन घायल बहुत हैं और कई चोटें गंभीर हैं। 17 अक्टूबर के प्रदर्शन में भी घायल लोगों को स्ट्रेचर पर ले जाते हुए देखा गया। फ्रांस में इससे पहले 2023 के दंगों और 2018-19 के यलो वैस्ट आंदोलन में संपत्ति की क्षति अरबों यूरो तक पहुंची थी। मौजूदा आंदोलन अभी उस स्तर पर नहीं पहुंचा है, लेकिन यदि हिंसा लंबी चली तो आर्थिक नुकसान तेजी से बढ़ सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 6 अक्टूबर को फ्रांस की अशांति को "आउट ऑफ़ कंट्रोल मास" यानी अनियंत्रित बड़े पैमाने के प्रवासन से जोड़ा। उन्होंने यहां तक कहा कि यह स्कूलों का प्रश्न नहीं बल्कि "इस्लाम वांटिंग टू टेक ओवर" यानी इस्लाम द्वारा फ्रांस पर कब्जे की कोशिश है। आंदोलन की प्रमाणित शुरुआत शिक्षकों की कमी, स्कूलों की खराब हालत और शिक्षा संसाधनों से हुई थी। फ्रांस की लोकतांत्रिक संस्थाएं मजबूत हैं और अभी ऐसा कोई संगठित राष्ट्रीय नेतृत्व सामने नहीं आया है जो सीधे सत्ता परिवर्तन का कार्यक्रम चला रहा हो। इसलिए इसे "तख्तापलट आंदोलन" कहना तथ्य से आगे होगा। लेकिन यह जरूर कहा जा सकता है कि सामाजिक आंदोलन अब स्पष्ट राजनीतिक सत्ता-विरोधी रूप लेने लगा है। यही वह चरण होता है जहां कोई आंदोलन अपने मूल मुद्दे से आगे निकलता है। पहला असर कानून-व्यवस्था पर है। हजारों गिरफ्तारियां, लगातार पुलिस तैनाती और कई शहरों में हिंसा प्रशासन पर भारी दबाव डाल रही है। दूसरा असर शिक्षा पर है। सैकड़ों स्कूल बंद या बाधित हुए हैं, पढ़ाई प्रभावित हुई है और छात्रों तथा शिक्षकों के बीच सरकार के खिलाफ असंतोष बढ़ा है। तीसरा असर कारोबार और पर्यटन पर है। पेरिस के प्रमुख इलाकों में मेट्रो स्टेशन बंद करने पड़े, दुकानें समय से पहले बंद हुईं और पर्यटन क्षेत्रों में आगजनी तथा लूट की घटनाएं हुईं। चौथा असर राजनीति पर है। 2027 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले फ्रांस में वाम और दक्षिण—दोनों छोर मजबूत हो रहे हैं, जबकि मैक्रों की मध्यमार्गी राजनीति पर दबाव बढ़ रहा है। पांचवां और सबसे गंभीर असर सामाजिक भरोसे पर है। युवा पीढ़ी और सरकार के बीच दूरी तेजी से बढ़ी है। ले मोंडे ने इसे मैक्रों और फ्रांसीसी युवाओं के बीच लगभग पूर्ण राजनीतिक दरार के रूप में वर्णित किया है। फ्रांस की घटनाएँ केवल एक यूरोपीय देश का घरेलू संकट नहीं हैं। यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। एक ओर जीवन-यापन की बढ़ती लागत है, दूसरी ओर युवाओं में भविष्य को लेकर असुरक्षा। श्रीलंका में आर्थिक संकट ने राष्ट्रपति को हटाया। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों के कोटा आंदोलन ने शेख हसीना की सरकार गिरा दी। नेपाल में सोशल मीडिया प्रतिबंध और भ्रष्टाचार-विरोधी आंदोलन प्रधानमंत्री के इस्तीफे तक पहुंच गया।फ्रांस अभी उस अवस्था में नहीं है। लेकिन उसकी सड़कों पर दिखाई दे रहा उबाल इस बात की चेतावनी जरूर है कि सामाजिक असंतोष को लगातार टाला जाए, पुलिस और प्रदर्शनकारियों का टकराव बढ़े और हिंसक समूह आंदोलन पर हावी होने लगें, तो स्थिति बहुत तेजी से नियंत्रण से बाहर जा सकती है।

आज फ्रांस के सामने असली चुनौती केवल दंगाइयों को पकड़ने की नहीं है। असली चुनौती उन मूल कारणों को संबोधित करने की है जिनके कारण लाखों लोग सड़क पर निकले हैं। यदि शिक्षा, महंगाई, सार्वजनिक सेवाओं और युवा असंतोष के सवाल पीछे छूट गए और पूरी बहस केवल पुलिस बनाम प्रदर्शनकारी तक सीमित हो गई, तो संकट लंबा खिंच सकता है।फिलहाल फ्रांस में सत्ता परिवर्तन का कोई प्रमाणित अभियान नहीं है। लेकिन इतिहास बताता है कि किसी बड़े आंदोलन की दिशा उसके पहले दिन तय नहीं होती।

फ्रांस एक बार फिर व्यापक अशांति की गिरफ्त में है। स्कूलों में बदहाली और शिक्षकों की कमी के विरोध से शुरू हुआ आंदोलन अब महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक सेवाओं की गिरती स्थिति और सरकार के खिलाफ बढ़ते असंतोष का प्रतीक बन गया है। हजारों गिरफ्तारियां, पुलिस से हिंसक झड़पें, आगजनी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान हालात की गंभीरता बयां कर रहे हैं। हालांकि, अधिकांश प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, लेकिन उग्र समूहों की हिंसा ने संकट को और गहरा दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विवादित दावों ने भी बहस को नया मोड़ दिया है। सवाल यह है कि क्या फ्रांस इस उबाल पर काबू पा सकेगा या सामाजिक असंतोष गहरे राजनीतिक संकट में बदल जाएगा?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विजयदशमी विशेष

रवीन्द्र श्रीवास्तव



मुझे अपने भीतर एक राम की तलाश है

भीड़ चली है आज, गली गली मेंरावण मारने;
मैं ढूँढ़ रहा हूँ एक राम, मेरे अंदर का रावण मारने.. !

आज फिर विजयदशमी है। सड़कों पर उत्सव है।
मैदानों में रावण के विशाल पुतले खड़े हैं।
भीड़ उमड़ रही है। हर हाथ बुराई के अंत का उत्सव मनाने को उत्सुक है।
लेकिन, एक प्रश्न मन में उठता है
जिस रावण को हम हर वर्ष जलाते हैं, वह हर वर्ष फिर जीवित कैसे हो जाता है?
क्या इसलिए कि हम रावण को केवल बाहर खोजते हैं?
अपने भीतर कभी झांकते ही नहीं?

रावण केवल दस सिरों वाला एक पौराणिक पात्र नहीं।
वह एक प्रवृत्ति भी है। अहंकार में रावण है।
क्रोध में रावण है। लोभ में रावण है।
ईर्ष्या में रावण है। छल, कपट, द्वेष और प्रतिशोध में रावण है।
दूसरों को अपमानित करने की प्रवृत्ति में रावण है।
अपनी गलती स्वीकार न करने की जिद में रावण है।
और सबसे बढ़कर स्वयं को सदैव सही और दूसरों को सदैव गलत समझने के अहंकार में रावण है।

हम दूसरों के दोष आसानी से देख लेते हैं। उनके व्यवहार का मूल्यांकन करते हैं।
उनकी गलतियों पर निर्णय सुनाते हैं। उनके चरित्र पर प्रश्न उठाते हैं।
लेकिन जब प्रश्न अपने आचरण का आता है, तो हमारे तर्क बदल जाते हैं।
अपना क्रोध हमें उचित लगता है। अपना अहंकार स्वाभिमान लगता है।
अपनी जिद सिद्धांत लगती है। अपना प्रतिशोध न्याय लगता है।
और दूसरों का वही आचरण हमें असहनीय लगता है।
यही तो हमारे भीतर का रावण है!

लेकिन प्रश्न केवल रावण को पहचानने का नहीं।
प्रश्न है अपने भीतर के राम को खोजने का।
वह राम जो मर्यादा सिखाए। जो शक्ति केसाथ विनम्रता सिखाए।
जो अधिकार के साथ कर्तव्य सिखाए। जो क्रोध के स्थान पर संयम दे।
जो प्रतिशोध के स्थान पर क्षमा दे। जो अहंकार के स्थान पर करुणा दे।
राम केवल पूजने के लिए नहीं। राम अपने आचरण में उतारने के लिए भी हैं।
और शायद यही सबसे कठिन साधना है।
क्योंकि बाहर के रावण को जलानेके लिए एक अग्निबाण पर्याप्त है।
भीतर के रावण को पराजित करनेके लिए जीवन भर का आत्मसंघर्ष चाहिए।

हमारे भीतर राम भी हैं। रावण भी हैं।
दोनों के बीच संघर्ष भी निरंतर है। कभी अहंकार जीत जाता है।
कभी विवेक। कभी क्रोध जीत जाता है। कभी करुणा।
कभी प्रतिशोध जीत जाता है। कभी क्षमा।

विजयदशमी शायद इसी संघर्ष में सही पक्ष चुनने का अवसर है।
यह केवल एक पौराणिक विजय का स्मरण नहीं।
यह अपने भीतर झांकने का निमंत्रण भी है। क्या हम किसी से क्षमा मांग सकते हैं?
क्या हम किसी को क्षमा कर सकते हैं? क्या अपनी गलती स्वीकार कर सकते हैं?
क्या हम किसी के दुःख को उसके दृष्टिकोण से समझ सकते हैं?
क्या हम अपने अहंकार से ऊपर उठकर किसी टूटते हुए रिश्ते को बचा सकते हैं?
यदि हां तो समझिए, हमारे भीतर का एक रावण आज मर गया।
और एक राम जीवित हो उठा।

विजयदशमी का वास्तविक उत्सव शायद उसी दिन होगा, जिस दिन हम दूसरों के भीतर रावण खोजना छोड़कर अपने भीतर राम जगाना शुरू कर देंगे।
क्योंकि रावण का पुतला जलाना एक उत्सव है।
अपने भीतर के रावण को मिटाना एक साधना है।
और स्वयं पर विजय ही शायद मनुष्य की सबसे बड़ी विजय है।
विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं।

(लेखक सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अभिभाषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित

दर्शन

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है। उसे निजता से सार्वभौमिकता या समग्रता की ओर चलना होगा।

अच्छी बातें जीवन में उतारने पर ही लाभ मिलेगा



संकलित

प्रेरणा

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़

अंतर्मन



आज की पाती

खाद्य सुरक्षा से पोषण सुरक्षा तक

खाद्य सुरक्षा किसी भी राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि, सामाजिक न्याय और मानवीय विकास का आधार है। जिस देश के नागरिकों को पर्याप्त, सुरक्षित और पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं होता, वहां विकास के बड़े-बड़े दावे भी अधूरे रह जाते हैं। भारत ने स्वतंत्रता के बाद खाद्यान्न उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति की है। हरित क्रांति से लेकर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के विस्तार तक, देश ने खाद्य संकट से उबरकर खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भरता की दिशा में लंबी यात्रा तय की है। आज भारत दुनिया के प्रमुख खाद्यान्न उत्पादक देशों में शामिल है। इसके बावजूद कुपोषण, एनीमिया, खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतें, जलवायु परिवर्तन और खाद्यान्न वितरण में असमानता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इसलिए अब आवश्यकता केवल अनाज के भंडार भरने की नहीं, बल्कि पौष्टिक और सुरक्षित भोजन की है। - *कमलकांत वर्मा, रायपुर*

ट्रेंड

विजयादशमी की बधाई



विजयादशमी के पर्व का विशेष महत्व है। यह भगवान श्रीराम की रावण पर विजय का प्रतीक है। श्रीराम को धर्मपरायणता और नैतिक आचरण के प्रतीक के रूप में पूजा जाता है। यह पर्व अधर्म और अन्याय पर धर्म और न्याय की जीत का उत्सव है। -**द्रौपदी मुर्मू,** राष्ट्रपति

महानवमी की शुभकामनाएं



सभी देशवासियों को महानवमी की ढेरों शुभकामनाएं। इस पावन अवसर पर मां सिद्धिदात्री के चरणों में मेरा कोटि-कोटि प्रणाम! वे अपने सभी भक्तों को संकल्प की सिद्धि का आशीर्वाद दे, यही कामना है। -**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

स्विट्ज़रलैंड के सीईओ से मुलाकात



आज नई दिल्ली में स्विट्ज़रलैंड के सीईओ जेवियर पेरेज-तासो से मुलाकात करके खुशी हुई। वैश्विक व्यापार को सुचारू और कुशल बनाने के महत्व पर चर्चा की।' "इस संदर्भ में भू-राजनीतिक चुनौतियों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। बेल्जियम मुख्यालय वाली स्विफ्ट एक वैश्विक संगठन है -**एस जयशंकर,** विदेश मंत्री

कृषि संकट प्रमुख मुद्दा



'मेरे संबोधन में किसानों की परेशानी और महाराष्ट्र का कृषि संकट प्रमुख मुद्दा होगा, न कि राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप। फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान, बढ़ते आर्थिक घाटे और पानी की कमी के बीच किसानों को आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठाना चाहिए।' -**मनोज जरांगे** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता

करंट अफेयर

भारत में बचाए ओरंगुटान के बच्चे इंडोनेशिया को वापस



भारतीय दूतावास ने कहा है कि वर्ष 2024 में भारत में बचाए गए सुमात्रा मूल के ओरंगुटान के एक बच्चे को दोनों देशों के वन्यजीव अधिकारियों और सीआईटीईएस प्रबंधन प्राधिकरणों के समन्वित प्रयासों से सोमवार को इंडोनेशिया वापस भेज दिया गया। इस ओरंगुटान को गुजरात से उसके मूल देश के लिए भेजा गया और वह मेदान के कुआलानामु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। मेदान में इंडोनेशिया के वन मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भारत के महावाणिज्य दूतावास के अधिकारी भी शामिल हुए। बचाए जाने के बाद से, भारतीय वन्यजीव अधिकारियों ने इस वन्य जीव को पशु चिकित्सा देखभाल और रहने के लिए उचित सुविधाएं उपलब्ध कराई थीं। जकार्ता में भारतीय मिशन द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, भारत और इंडोनेशिया के 'कन्वेंशन ऑन इंटरनेशनल ट्रेड इन एंडेंजर्ड स्पीशीज ऑफ वाइल्ड फौना एंड फ्लोरा' (सीआईटीईएस) से जुड़े प्रबंधन प्राधिकरणों ने सभी जरूरी नियमों और प्रोटोकॉल का पालन करते हुए इसे वापस भेजने की प्रक्रिया पूरी की। बयान में कहा गया है कि एक विशेष कदम उठाते हुए, भारत सरकार ने ओरंगुटान की देखभाल पर हुए खर्च को नहीं लेने का निर्णय लिया है।

ऑफ बीट

जब हंसी रुकती नहीं, तो दिमाग में क्या होता है?



कभी-कभी हंसी ऐसी छूटती है कि लाख कोशिशों के बावजूद रुकने का नाम नहीं लेती। हैरानी की बात यह है कि इसके पीछे सिर्फ कोई मजेदार बात नहीं, बल्कि मस्तिष्क की जटिल प्रक्रियाएं भी होती हैं। एक नए शोध के मुताबिक, बेकाबू होकर हंसने और बातचीत के दौरान सामान्य रूप से हंसने के पीछे मस्तिष्क के अलग-अलग तंत्र काम करते हैं। अकेले होने के बजाय किसी दूसरे व्यक्ति के साथ होने पर आपके हंसने की संभावना 30 गुना अधिक होती है। यदि आप अपने साथी को जानते हैं और उसे पसंद करते हैं, तो आपके हंसने की संभावना और बढ़ जाती है। अक्सर हंसी बातचीत के दौरान आती है। कई बार हम दूसरों को हंसते देखकर या उनकी हंसी सुनकर खुद भी हंसने लगते हैं। बातचीत के दौरान सामान्य हंसी औसतन हर दस मिनट में लगभग छह बार आती है। यह छोटी होती है और जल्दी शुरू होकर जल्दी खत्म हो जाती है। इसके विपरीत, बेकाबू हंसी लंबे समय तक चलती है। इसकी आवाज ऊंची हो सकती है और इसमें अजीब तरह की चीख जैसी आवाजें भी शामिल हो सकती हैं। शोधकर्ताओं ने यह जानने की कोशिश की कि क्या हंसी के इन दोनों प्रकारों की उत्पत्ति मस्तिष्क की अलग-अलग प्रणालियों में होती है।

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ में पहली बार 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो 22 से 25 तक



काशी में गूंजी फाइटर प्लेन की गर्जना...! एयर शो में लड़ाकू विमान दिखाएंगे पराक्रम

एजेंसी ▶▶| वाराणसी

भारतीय वायुसेना द्वारा अपनी 94वीं वर्षगांठ के अवसर पर उत्तर प्रदेश के वाराणसी में पहली बार 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 22, 24 और 25 अक्टूबर को होने वाले इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के तहत सोमवार को नमो घाट से सामने घाट तक लड़ाकू विमानों ने पूर्व अभ्यास और आसमान में हैरतअंगेज करतब दिखाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल और मंडलायुक्त एस. राजलिंगम की देखरेख में व्यापक तैयारियां की गई हैं।

एक साथ कई लड़ाकू विमान देख लोग भौंचक्के

वाराणसी के नमो घाट से लेकर अस्सी घाट और गंगा के दोनों किनारों पर सोमवार सुबह भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों की पूर्व अभ्यास उड़ानें देखने को मिलीं। एक साथ चार लड़ाकू विमानों को देखकर लोग अपने मोबाइल में तस्वीरें कैद करने से खुद को रोक नहीं पाए। काशी में इस तरह के एयर शो का आयोजन पहली बार हो रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।



कौन-कौन से विमान दिखाएंगे अपना पराक्रम

इस एयर शो में सूर्य किरण एरोबेटिक टीम, सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम के अलावा राफेल, तेजस, सुखोई-30 एमकेआई, प्रचंड हेलीकॉप्टर, आईएल-76, आईएल-78, सी-295 और एएन-32 जैसे अत्याधुनिक विमान हिस्सा लेंगे. गंगा की लहरों और ऐतिहासिक घाटों की पृष्ठभूमि में होने वाले इस प्रदर्शन में केसरिया, सफेद और हरे रंग की धुएं की लकीरें मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी, जो भारतीय वायुसेना की ताकत का प्रदर्शन करेंगी।

सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम

लाखों की संख्या में आने वाले दर्शकों को देखते हुए प्रशासन ने कड़े प्रबंध किए हैं। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने बताया कि 22, 24 और 25 अक्टूबर को होने वाले इस आयोजन के लिए गंगा तट के डेढ़ किलोमीटर के दायरे को नो-विकल जोन बनाया गया है तथा 79 अस्थाई थाने सक्रिय कर दिए गए हैं। वहीं मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने स्पष्ट किया कि एयर शो के दौरान गंगा में नौका संचालन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगा यह आयोजन

'विंग्स ओवर गंगा' की परिकल्पना काशी की प्राचीन संस्कृति और आधुनिक सैन्य तकनीक को एक मंच पर लाने की है। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल भारतीय वायुसेना के अनुशासन और पराक्रम को प्रदर्शित करना है, बल्कि युवाओं को विमानन, आधुनिक तकनीक और देश सेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित करना भी है। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

खबर संक्षेप

गंगोत्री धाम के कपाट 10 नवंबर को बंद होंगे



उत्तरकाशी। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए 10 नवंबर को दोपहर 12:05 बजे बंद कर दिए जाएंगे। गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मानंद सेमवाल ने बताया कि समिति के पदाधिकारियों ने धार्मिक परंपराओं के अनुसार महानवमी के पर्व पर मंदिर के कपाट बंद किए जाने के समय का मुहूर्त निकाला। उन्होंने बताया, 10 नवंबर को अन्नकूट के पर्व पर अमृत बेला में अभिजीत मुहूर्त पर दोपहर 12:05 बजे गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे।सेमवाल ने बताया कि कपाट बंद होने के बाद मां गंगा की उत्सव डोली पारंपरिक यात्रा के साथ मुखबा स्थित गंगा मंदिर के लिए रवाना होगी, जहां शीतकाल के दौरान श्रद्धालु उसके दर्शन कर सकेंगे। मां गंगा को समर्पित गंगोत्री मंदिर के कपाट हर साल दीवाली के बाद अन्नकूट के पर्व पर बंद किए जाते हैं।

भारत न बांग्लादेश, न फ्रांस,तुलना गलत

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के सत्ता परिवर्तन कराने के आरोपों का जवाब दिया। थरूर ने कहा कि मेरा मानना है कि भारत बांग्लादेश नहीं है और भारत फ्रांस भी नहीं है। मुझे ये तुलना खास तौर पर प्रासंगिक नहीं लगती। हम फ्रांस में हुई बसों और पुलिस स्टेशनों को आग लगाने जैसी किसी भी हिंसा को कभी सही नहीं ठहराएंगे। हम केवल शांतिपूर्ण प्रदर्शन में विश्वास करते हैं।



कनाडा में दो भारतीय मूल के नेता बने मेयर

ओटावा। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में चुनावों में भारतीय मूल के दो नेताओं ने मेयर पद पर जीत दर्ज की है। भारत में जन्मे हर्षन रामदास फर्नी शहर के नए मेयर चुने गए हैं, जबकि सुरिंदरपाल राठौर ने विलियम्स लेक के मेयर पद पर दोबारा जीत हासिल की है। दोनों नेताओं की जीत ने लोगों की राजनीतिक भागीदारी को चर्चा में ला दिया है।



26 नवंबर को अखिलेश जारी करेंगे घोषणापत्र

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर समाजवादी पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संविधान दिवस यानी 26 नवंबर 2026 को चुनावी घोषणापत्र जारी करने का ऐलान किया है। इसे 'सत्ताइस का संकल्प : पीडीए का प्रणपत्र' नाम दिया गया है। अखिलेश ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के लोकतांत्रिक अवसर पर 'जन-मन का मैनिफेस्टो' जारी किया जाएगा। इसे वादों के रूप में देखा जा रहा है।



यमन के मिलिट्री कैंप पर दागीं बैलेस्टिक मिसाइलें, सऊदी अरब पर भी अटैक

हूतियों ने किया तगड़ा प्रहार, 53 यमन सैनिकों की मौत, 200 से ज्यादा घायल

एजेंसी ▶▶| सना

हूती विद्रोहियों ने यमन के दक्षिणी प्रांत शबवा में तगड़ा प्रहार करते हुए यमन सेना के एक मिलिट्री कैंप पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। सोमवार को हुए इस हमले में 53 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 200 से ज्यादा घायल हुए हैं। यमन सेना के प्रवक्ता कर्नल माजिद अल-नजिली ने बताया कि हूती विद्रोहियों ने पुलिस और सुरक्षा बलों के ट्रेनिंग सेंटर पर तीन बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। हूती विद्रोही यमन के गृहयुद्ध में सरकार का समर्थन करने के कारण सऊदी अरब को निशाना बना रहे हैं।

सऊदी के कई ठिकानों पर भी हमला : विद्रोहियों ने सऊदी हवाई अड्डों, तेल और सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं। इन हमलों से हजारों उड़ानें प्रभावित हुई हैं और 19 लोगों की मौत हुई है। सऊदी तेल कंपनी अरामको के मुख्यालय पर भी हमला किया गया है। सऊदी अरब के जेद्दा में हूती विद्रोहियों के हमले के बाद सऊदी अरामको के पेट्रोलियम स्टोरेज सेंटर में लगी आग से धुआं उठता हुआ।

राष्ट्रपति भवन को बना चुके हैं निशाना

इससे पहले पिछले हफ्ते हूती विद्रोहियों ने अदन शहर में राष्ट्रपति भवन पर 5 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं। हमले के वक्त प्रधानमंत्री शाया मोहसेन अल-जिंदानी और सरकार के कई मंत्री परिसर में मौजूद थे, हालांकि सभी सुरक्षित बच गए। हमले में 4 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें 2 सुरक्षाकर्मी शामिल थे।



सऊदी अरब के समर्थन से लड़ रही यमन की सरकार

यमन में हूती विद्रोहियों और सरकार के बीच लंबे समय से संघर्ष चल रहा है। सऊदी अरब यमन की अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार का समर्थन करता है। सऊदी हूतियों के खिलाफ लड़ रहे सरकारी सेनाओं को हवाई मदद देता है। वहीं, ईरान पर हूती विद्रोहियों को समर्थन देने के आरोप लगते रहे हैं।

सऊदी अरब के हवाई हमले में 9 लोगों की मौत

हूती प्रशासन के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, रविवार को यमन के उत्तरी प्रांत साद्दा में सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन के हवाई हमले में कम से कम 9 लोगों की मौत हुई। इनमें 5 बच्चे और 2 महिलाएं शामिल हैं। हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि सप्ताहांत में हुए कई हमलों में 30 से ज्यादा लोग मारे गए या घायल हुए। सऊदी अरब ने इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की।

2015 से जारी है सऊदी और हूतियों की लड़ाई

यमन में हूतियों ने 2014 में राजधानी सना पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद 2015 में सऊदी अरब ने कई देशों के साथ मिलकर उनके खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया। सऊदी अरब चाहता था कि यमन की अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार दोबारा सत्ता में आए और हूतियों का कब्जा खत्म हो। इसके बाद कई साल तक यमन में हवाई हमले होते रहे। लेकिन हूतियों को पूरी तरह पीछे धकेलने में सऊदी गठबंधन कामयाब नहीं हो पाया। हूती अब भी यमन के बड़े हिस्से में अपनी पकड़ बनाए हुए हैं।

यमन ने किया 24 घंटे में 370 हूतियों को मारने का दावा

इधर, यमन की सरकारी सेनाओं ने दावा किया कि पिछले 24 घंटों में उन्होंने हूती विद्रोहियों पर 1326 हमले किए। इनमें करीब 370 हूती लड़ाके मारे गए या घायल हुए। मारिए और ताइज समेत कई मोर्चों पर सरकारी बलों की कार्रवाई जारी है। ताइज में सरकारी सैनिकों ने कुछ क्षेत्र अपने कब्जे में लेने का दावा किया। लहज प्रांत में 17 अक्टूबर को 8 सरकारी सैनिक मारे गए। दक्षिणी ताइज में 12 हूती विद्रोहियों के मारे जाने का दावा भी किया गया। ये कार्रवाई ऐसे वक्त में की गई है, जब हूती विद्रोहियों की मिसाइलों की पहुंच अदन के एयरपोर्ट और राष्ट्रपति भवन तक पहुंच गई थी। यमन सरकार ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से अपील की कि हूती हमलों पर कार्रवाई हो। अदन में राष्ट्रपति महल पर हमले का जिक्र किया गया। इस लड़ाई से 2 लाख 33 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं।

'इतनी दारू पी रखी है, क्या गाएंगे', दिलेर मेहंदी को मंत्री ने मंच पर ही फटकारा

एजेंसी ▶▶| टिहरी

जाने माने पंजाबी सिंगर दिलेर मेहंदी को लेकर नया विवाद हो गया है। वो उत्तराखंड के टिहरी जिले के नरेंद्र नगर में आयोजित प्रसिद्ध कुंजापुरी मेले में पहुंचे थे स्टेज से गाना गाकर वहां मौजूद जनता को एंटरटेन कर रहे थे लेकिन मामला तब बिगड़ा जब कैबिनेट मंत्री एवं नरेंद्र नगर के विधायक सुबोध उनियाल सीधे मंच पर पहुंच गए। दिलेर मेहंदी के शराब के नशे में गाना गाने को लेकर मंत्री सुबोध उनियाल ने आपत्ति जताई। उन्होंने सिंगर को कार्यक्रम बीच में रोकने के लिए कहा। मंत्री ने सरेआम दिलेर मेहंदी को फटकार लगाई। वीडियो वायरल होने के बाद दिलेर मेंहदी जमकर ट्रोल हो रहे हैं।



आपसे बोला तो जा नहीं रहा- मंत्री तमतमाए

बीजेपी मंत्री सुबोध उनियाल ने मंच पर पहुंचकर कहा कि यहां मां दुर्गा की आराधना और नवरात्र का धार्मिक आयोजन हो रहा है। ऐसे पावन अवसर पर शराब के नशे में कार्यक्रम प्रस्तुत करना उचित नहीं है। आप शराब पीकर गाना गा रहे हैं, अच्छी बात नहीं है। आपने इतनी ज्यादा पी रखी है कि आपसे बोला नहीं जा रहा है, गाना क्या गाएंगे। इतना पैसा देकर हमने आपको बुलाया, ताकि हमारे लोग एंटरटेन हो लेकिन आप तो उन्हें बेवकूफ बना रहे हैं।

लड़खड़ाती जुबान में भी कुछ नहीं बोल पाए दलेर

इस बीच सबसे फनी दलेर मेहंदी का रिएक्शन है। जिस वक्त बीजेपी मंत्री उन्हें फटकार लगा रहे थे, वो चुपचाप खड़े थे। सिंगर लड़खड़ाती हुई जुबान में कुछ बोल रहे थे मगर उनकी हालत इतनी खराब थी कि वो ढंग से एक शब्द तक नहीं बोल पा रहे थे। सिंगर को नशे में चूर देखकर मंत्री जी और बुरी तरह भड़क गए।

'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव'

प्यार, परिवार और भारत, सोनिया गांधी की किताब का टीजर जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के संस्मरण 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' का टीजर जारी हो गया है। हार्पर कॉलिन्स पब्लिकेशन की ओर से जारी इस टीजर में 18 साल की सोनिया गांधी की झलक है। टीजर में सोनिया गांधी और राजीव गांधी की एक तस्वीर भी है। जिसके साथ लिखा है, 'आप प्यार के लिए कितनी दूर जा सकते हैं?' किताब के टीजर में लिखा है, 'उन्होंने अपनापन चुनना तय किया। उन्होंने सिर्फ अपनी शादी के दिन ही नहीं, बल्कि उसके बाद के हर दिन अपनापन चुना। उन्होंने एक गृहस्थी बसाई, दो बच्चों की परवरिश की और भारत को अपना घर बना लिया।



सोनिया के जीवन के कई अहम पहलू शामिल

सोनिया गांधी की इस किताब में उनके जीवन के कई अहम पहलुओं को शामिल किया गया है। इसमें जंग के बाद के इटली में उनके बचपन से लेकर भारत आने, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी से शादी और भारतीय राजनीति के केंद्र में कई दशकों तक रहने के अनुभवों को बताया जाएगा।

किताब को लेकर हुआ था विवाद

बता दें कि सोनिया गांधी की किताब को लेकर काफी विवाद भी हुआ था। पहले यह किताब भारत में पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्रकाशित करने वाला था लेकिन बाद में उन्होंने प्रकाशन से इनकार कर दिया। अब हार्पर कॉलिन्स इंडिया इस किताब का प्रकाशन करने वाला है।

ओआईसी को भारत की दो टूक

पाक सीमा पार आतंकवाद बंद करे, अवैध कब्जा छोड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस्लामी सहयोग संगठन के जम्मू कश्मीर पर दिए बयान को भारत ने पूरी तरह खारिज करते हुए निराशाजनक बताया है। भारत ने दो टूक कहा है कि जम्मू-कश्मीर से जुड़े अब केवल दो ही मुद्दे हैं। सबसे पहले पाकिस्तान अवैध कब्जा खाली करे और दूसरा सीमा पार आंतकवाद बंद करे। भारत ने पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में प्रदर्शनकारियों पर पाकिस्तानी की हिंसा और क्रूरता का मुद्दा भी उठाया और कहा की इसे छुपाया नहीं जा सकता। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ओआईसी को भारत के पूरी तरह से आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा हैं।



भारत के खिलाफ फिर इस्तेमाल हुआ ओआईसी

विदेश मंत्रालय ने आज कहा, हम 17-18 अक्टूबर, 2026 को बगदाद में आयोजित इस्लामी सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक के प्रस्तावों में भारत-विरोधी बातों को पूरी तरह से खारिज करते हैं। भारत के बारे में की गई ये बातें दुर्भावनापूर्ण, पक्षपाती और झूठी हैं, जिन्हें पाकिस्तान ने प्रायोजित किया है। हमें निराशा है कि ओआईसी ने एक बार फिर खुद को पाकिस्तान के कट्टर एजेंडे के लिए इस्तेमाल होने दिया है।

स्टेडियम में 23 हजार लोग मौजूद थे

अमेरिका में 170 फीट ऊंचाई से गिरकर सैनिक की मौत, रस्सी से उतर रहा था



अलामडोम में फुटबॉल मैच से पहले हादसा

एजेंसी ▶▶| सैन एंटोनियो

अमेरिका के सैन एंटोनियो में एक सैनिक की 170 फीट की ऊंचाई से गिरने की वजह से मौत हो गई। सैनिक अलामडोम स्टेडियम में एक फुटबॉल मैच से पहले रस्सी से उतरने का लाइव डेमो दे रहा था। इसी दौरान उसका बैलेंस बिगड़ गया और वह तेजी से जमीन पर गिर गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के दौरान स्टेडियम में 23 हजार से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। सैनिक की पहचान उजागर नहीं हुई है।

हादसे के समय दर्शक स्टैंड में बैठे थे और मैदान के पास एक बैंड भी मौजूद था। हादसे के बाद मैदान पर करीब 10 मिनट तक जवान का इलाज किया गया। इसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। हादसे की वजह का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि प्रदर्शन के दौरान आखिर क्या हुआ था।

10 मिनट की देरी के बाद शुरू हुआ फुटबॉल मैच

हादसे के बाद भी फुटबॉल मैच रद्द नहीं किया गया। एक न्यूज एजेंसी मुताबिक, करीब 10 मिनट की देरी के बाद मैच शुरू हो गया। यह मैच सेना में काम कर चुके और काम कर रहे सैनिकों के सम्मान में रखा गया था। यह यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एट सैन एंटोनियो और नेवी के बीच हुआ। यूटीएसए ने घटना पर दुख जताते हुए कहा, "हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित सैनिक, उसके परिवार और सेना में उसके साथियों के साथ हैं।

कम समय के नोटिस पर मिशन किया सफल

जोखिम भरी रात में वायुसेना ने एयरलिफ्ट कर लेह से दिल्ली पहुंचाया गंभीर मरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना ने शनिवार देर रात एक गंभीर रूप से बीमार नागरिक को लेह से दिल्ली के पालम एयरपोर्ट तक एयरलिफ्ट किया। 30 साल के इस मरीज को तुरंत इलाज की जरूरत थी। वायु सेना ने कम समय के नोटिस पर सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान की मदद से यह मिशन पूरा किया। दिल्ली पहुंचने के बाद मरीज को आगे के इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया। वायुसेना के मुताबिक, यह अभियान घने अंधेरे और खराब मौसम के बीच चलाया गया।

लेह इलाके में एयरलिफ्ट करना आसान नहीं : लेह जैसे पहाड़ी इलाके से रात में मरीज को एयरलिफ्ट करना आसान नहीं था। घने अंधेरे और खराब मौसम के बावजूद वायु सेना ने मरीज को सुरक्षित दिल्ली पहुंचाया। इस अभियान से पता चलता है कि आपातकालीन स्थिति में आईएएफ किस तरह तेजी से कार्रवाई कर लोगों की मदद करती है। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी मिशन को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी, बेहतर तालमेल और समय पर कार्रवाई की गई।



कारगिल में रात में लैंडिंग कर चुका है यह विमान

जनवरी 2024 में आईएएफ के एक सी-130जे विमान ने कारगिल एयरस्ट्रिप पर रात में लैंडिंग की थी। इसे वायु सेना की बड़ी उपलब्धि माना गया था। इस दौरान विमान को 14,000 से 15,000 फीट ऊंची पहाड़ियों के बीच से गुजरना पड़ा था। वहां लैंडिंग के लिए केवल एक दिशा उपलब्ध थी और दोबारा प्रयास करने यानी गो-अराउंड का विकल्प भी नहीं था।

सूडान में भी चलाया था बचाव अभियान

भारतीय वायु सेना इससे पहले भी मुश्किल परिस्थितियों में बचाव अभियान चला चुकी है। साल 2023 में सूडान में संघर्ष के दौरान वहां फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने के अभियान में भारतीय वायुसेना ने अहम भूमिका निभाई थी। इस तरह वायु सेना सैन्य अभियानों के साथ-साथ आपातकालीन स्थितियों में नागरिकों की मदद के लिए भी काम करती है।

आईएएफ के पास हैं 12 सी-130जे विमान

भारतीय वायु सेना के पास लॉकहीड मार्टिन कंपनी के 12 सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान हैं। इनका इस्तेमाल विशेष सैन्य अभियानों, सैनिकों और जरूरी सामान को पहुंचाने, राहत कार्यों और मुश्किल इलाकों में अभियान चलाने के लिए किया जाता है। ये विमान कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में भी काम करने में सक्षम हैं।

सब्सिडी और खाद-बीज की सूचनाएं भी रहेंगी

शिवराज ने लॉन्च किया पोर्टल मोबाइल पर खेती की जानकारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एजेंसी, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को किसानों के लिए संशोधित एग्री वेलफेयर पोर्टल का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य सरकारी यो ज ना ओं , आर्थिक सहायता और खेती-किसानी से जुड़ी जरूरी जानकारियां सीधे किसानों के मोबाइल तक पहुंचाना है। इससे किसानों को जानकारी और आवेदन के लिए अलग-अलग सरकारी दफ्तरों और वेबसाइटों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि सरकार हर समय आम नागरिकों और किसानों के लिए मोबाइल पर उपलब्ध रहे। तकनीक का लाभ तभी है, जब वह खेत-खलिहान तक पहुंचे और किसानों का जीवन आसान बनाए। पोर्टल पर पीएम-किसान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और एग्रीस्टैक जैसी पहलों से जुड़ी सेवाओं के लिए साझा मंच उपलब्ध होगा।



किसानों को नहीं लगाने पड़ेंगे सरकारी दफ्तरों के चक्कर

इस पोर्टल के जरिए अब किसानों को योजनाओं की जानकारी लेने या आवेदन करने के लिए अलग-अलग दफ्तरों और वेबसाइटों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे. इस पोर्टल का शुभारंभ करते हुए केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट विजन है कि सरकार हर समय आम नागरिक और किसान के लिए मोबाइल पर लाइव रहे. तकनीक की असली सार्थकता तभी है जब वह सीधे खेत-खलिहान तक पहुंचे और किसान का जीवन आसान बनाए.

महिषासुर को मानते हैं अपना पूर्वज व राजा

असुर जनजाति के लिए उत्सव नहीं शोक का अवसर है दशहरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

देशभर में विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस दिन रावण के पुतले का दहन कर उत्सव मनाने की परंपरा है, लेकिन जशपुर जिले के मनोरा विकासखंड में रहने वाली असुर जनजाति की मान्यता इससे बिल्कुल अलग है।

अलग खबर

इस समुदाय के लिए दशहरा उत्सव का नहीं, बल्कि अपने पूर्वज और राजा माने जाने वाले महिषासुर की मृत्यु के शोक का अवसर है। यही वजह है कि नवरात्र से लेकर दशमी तक समुदाय के कई परिवारों में उत्सवी माहौल के बजाय शांति और शोक का वातावरण रहता है।जिले के मनोरा विकासखंड के लुखी, जरहापाठ, बुर्जुपाठ, हाड़ीकोना और दौनापठा जैसे गांवों में असुर समुदाय के लोग इस परंपरा को आज भी संजोए हुए हैं। झारखंड के गुमला, लातेहार और लोहरदगा जिलों में भी इस जनजाति की आबादी निवास करती है। मुख्यधारा की पौराणिक मान्यताओं में महिषासुर को देवी दुर्गा द्वारा वध किए गए असुर के रूप में देखा जाता है। वहीं, असुर समुदाय की लोकमान्यताओं में महिषासुर एक वीर, पराक्रमी और न्यायप्रिय राजा के रूप में याद किए जाते हैं। समुदाय के लोग उन्हें अपना पूर्वज मानते हैं और 'हुदुड़ दुर्गा' नाम से भी संबोधित करते हैं।

मिट्टी का पिंड बनाकर पूर्वजों का स्मरण

दीपावली की रात घर के आंगन में मिट्टी का पिंड बनाकर महिषासुर और पूर्वजों का स्मरण किया जाता है। समुदाय के लोग पशुधन को भी जीवन और आजीविका का महत्वपूर्ण आधार मानते हैं। इसलिए दीपावली पर गाय-बैलों को नहलाने, उन्हें अरंडी की टहनियां खिलाने और उनके सींगों पर करंज का तेल लगाने जैसी परंपराएं भी निभाई जाती हैं। वही असुर जनजाति की पहचान प्राचीन लौह शिल्प परंपरा से भी जुड़ी रही है। पारंपरिक रूप से यह समुदाय जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रहा है। हालांकि, वर्तमान समय में अशिक्षा, रोजगार की कमी, पलायन और अपनी पारंपरिक भाषा के लुप्त होने का संकट इस समुदाय के सामने चुनौती बनकर खड़ा है।

बुजुर्गों और पुरखों की पूजा

असुर समुदाय की परंपराएं दीपावली पर भी अलग रूप में दिखाई देती हैं। इस दिन देवी-देवताओं की पूजा से पहले घर के सबसे बुजुर्ग सदस्य को आसन पर बैठाकर उनका सम्मान किया जाता है और पैर छूकर आशीर्वाद लिया जाता है। इस परंपरा को 'आढ़ा-बूढ़ा' कहा जाता है।

नवरात्र से दशमी तक शोक

महिषासुर को अपना पूर्वज मानने के कारण असुर समुदाय के लोग नवरात्र के दौरान विशेष संयम बरतते हैं। इस अवधि में कई परिवार मांगलिक कार्यों से दूर रहते हैं। परंपरागत रूप से दशहरे के दिन घरों से बाहर निकलने और उत्सव मनाने से भी परहेज किया जाता रहा है। इस समुदाय के लिए यह समय अपने पूर्वज की स्मृति से जुड़ा है, जबकि आसपास के क्षेत्रों में दुर्गा पूजा और रावण दहन का आयोजन होता है।



विद्युत नियामक में निदेशक को प्रमोशन के लिए 8 साल इंतजार, आईटी- प्रशासनिक स्टाफ पांच साल में प्रमोट होंगे

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य विद्युत नियामक आयोग (सीएसईआरसी) के अधिकारियों और कर्मचारियों की भर्ती तथा सेवा शर्तों से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। ऊर्जा विभाग के अनुसार

- अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति एवं सेवा शर्तें लागू

'छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति एवं सेवा शर्तें) (तृतीय संशोधन) विनियम, 2026' को 1 अक्टूबर 2026 से प्रभावी कर दिया गया है। नए विनियमों के तहत आयोग में कार्यरत विभिन्न श्रेणियों के पदों पर पदोन्नति (प्रमोशन) के लिए आवश्यक न्यूनतम सेवा अवधि (पात्रता वर्ष) तय कर दी गई है। इसके साथ ही सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्धारित नई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताओं को भी सेवा शर्तों में शामिल कर लिया गया है।

निदेशक स्तर के पदों पर प्रमोशन के लिए 8 साल का अनुभव जरूरी

आयोग के शीर्ष प्रशासनिक व तकनीकी पदों पर पदोन्नति के लिए अधिकारियों को 8 साल का इंतजार करना होगा। नए नियमों के मुताबिक निदेशक (इंजीनियरिंग): संयुक्त निदेशक (इंजीनियरिंग) के पद पर न्यूनतम 8 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले अधिकारी ही निदेशक (इंजीनियरिंग) बन सकेंगे। निदेशक (टैरिफ) एवं निदेशक (विधि): संयुक्त निदेशक (टैरिफ) और वरिष्ठ विधि अधिकारी के पदों से निदेशक पद पर पदोन्नति के लिए भी 8-8 वर्ष का अनुभव अनिवार्य किया गया है।

तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए भी रास्ते साफ

कार्यालयीन सहायकों और निचले अमले की पदोन्नति प्रक्रिया को भी पारदर्शी बनाया गया है। स्टेनो-टाइपिस्ट से स्टेनोग्राफर, कार्यालय सहायक श्रेणी-3 से श्रेणी-2 और श्रेणी-2 से श्रेणी-1 के पद पर प्रमोशन के लिए 5 वर्ष की सेवा अनिवार्य होगी। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी पदोन्नति का अवसर दिया गया है। राज्य शासन के नियमानुसार निर्धारित अर्हता रखने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी 5 साल की सेवा के बाद कार्यालय सहायक श्रेणी-3 बन सकेंगे। शासकीय लेखा प्रशिक्षण पास करने वाले कार्यालय सहायक श्रेणी-2 के कर्मचारी 5 साल बाद कनिष्ठ लेखा अधिकारी पद के लिए पात्र होंगे।

पद खाली न होने पर मिलेगा उच्च वेतनमान

नियमों में यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि स्वीकृत पद संरचना में जगह उपलब्ध न होने के कारण कोई पात्र अधिकारी या कर्मचारी पदोन्नति से वंचित रह जाता है, तो उसे अगले उच्च पद के लिए देय उच्च वेतनमान प्रदान किया जाएगा। इसके लिए आयोग अलग से विस्तृत आदेश जारी करेगा। इन सभी पदों पर भर्ती और पदोन्नति के दौरान राज्य सरकार की आरक्षण एवं आयु सीमा में छूट संबंधी नीतियां यथावत लागू रहेंगी।

आईटी और प्रशासनिक स्टाफ पांच साल में हो जाएंगे पदोन्नत

आयोग के आईटी, प्रशासनिक, तकनीकी और लेखा कैडर के कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए पदोन्नति की न्यूनतम अवधि 5 वर्ष निर्धारित की गई है। आईटी एवं प्रशासनिक अमला: सहायक कंप्यूटर प्रोग्रामर 5 साल की सेवा के बाद कंप्यूटर प्रोग्रामर, निज सहायक 5 साल में निज सचिवऔर कार्यालय सहायक श्रेणी-1 के कर्मचारी 5 साल में अनुभाग अधिकारी (सीनियर आफिसर) के पद पर पदोन्नत हो सकेंगे। तकनीकी व विधिक कैडर के लिए उप निदेशक (इंजीनियरिंग) से संयुक्त निदेशक (इंजीनियरिंग), उप निदेशक (टैरिफ) से संयुक्त निदेशक (टैरिफ), सहायक निदेशक से उप निदेशक, और विधि अधिकारी से वरिष्ठ विधि अधिकारी बनने के लिए 5 साल की अर्हता आवश्यक होगी। आर्थिक व लेखा कैडर: आर्थिक विश्लेषक से आर्थिक सलाहकार और कनिष्ठ लेखा अधिकारी से लेखा अधिकारी के पद पर प्रमोशन के लिए भी 5-5 वर्ष की सेवा सीमा तय की गई है।

10 साल बाद दशहरा से कुरुद के लिए मिलेगी ट्रेन, बस से 40 रुपए सस्ता सफर, रावघाट जाने पर 95 रुपए की बचत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लंबे इंतजार के बाद 20 अक्टूबर को दशहरा के अवसर पर रायपुर से कुरुद और रावघाट के लिए ट्रेन सेवा शुरू होने जा रही है। करीब 10 साल बाद नैरोगेज लाइन को ब्रॉडगेज में बदलने की प्रक्रिया के बाद कुरुद क्षेत्र को रायपुर से सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलने जा रही है। वहीं रावघाट के लिए नई लोकल ट्रेन सेवा से यात्रियों को सड़क परिवहन के मुकाबले सस्ता सफर करने का विकल्प मिलेगा। रेलवे के किराए के अनुसार, रायपुर से कुरुद तक ट्रेन से सफर करने के लिए यात्रियों को 20 रुपए देने होंगे,जबकि बस से जाने में करीब 60 रुपए तक खर्च करने पड़ते हैं। इसी तरह रायपुर से रावघाट तक ट्रेन का किराया 55 रुपए बताया गया है, जबकि बस से सफर करने में करीब 150 रुपए तक खर्च होते हैं। ऐसे में नई रेल सेवा शुरू होने से यात्रियों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है। ट्रेन सेवा के शुभारंभ का कार्यक्रम रायपुर रेलवे स्टेशन पर प्रस्तावित है। इसमें रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल होंगे। वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा विजय शर्मा भी उपस्थित रहेंगे।

खास खबर

रावघाट के लिए आसानी से मिलेंगे यात्री

रायपुर से रावघाट तक रेल सेवा शुरू होने से रेलवे को यात्रियों की संख्या बढ़ने और राजस्व में इजाफा होने की उम्मीद है। अब तक रायपुर से ताड़ोकी तक ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों को अब रावघाट तक रेल कनेक्टिविटी मिलने जा रही है। रेलवे ने ताड़ोकी से आगे रावघाट तक पटरियां बिछाकर रेल लाइन का विस्तार किया है। दोनों स्टेशनों के बीच करीब 91 किलोमीटर की दूरी है। ऐसे में इस रूट पर ट्रेन सेवा शुरू होने से क्षेत्र के यात्रियों को राजधानी तक आने-जाने के लिए सस्ता और सुविधाजनक विकल्प मिल सकेगा।वर्तमान में रायपुर और ताड़ोकी के बीच रोजाना एक हजार से अधिक यात्री ट्रेन से सफर करते हैं। इस आधार पर रावघाट तक रेल सेवा बढ़ने से रेलवे को नए यात्रियों के जुड़ने की उम्मीद है। बस के मुकाबले ट्रेन का किराया कम रहने पर बड़ी संख्या में लोग सड़क परिवहन के बजाय रेल से रायपुर आना-जाना पसंद कर सकते हैं। रायपुर से रावघाट तक ट्रेन सेवा शुरू होने से यात्रियों को कम खर्च में सफर करने का विकल्प मिलेगा।

नियमित यात्रियों को मिलेगी राहत

रायपुर और कुरुद के बीच ट्रेन सेवा शुरू होने से नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और रोजाना आवागमन करने वाले यात्रियों को सुविधा मिलने की उम्मीद है। कम किराये में सफर का विकल्प मिलने से सड़क परिवहन पर निर्भरता घट सकती है। वहीं, रावघाट तक रेल संपर्क बढ़ने से क्षेत्रीय आवागमन को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है। अब इन सेवाओं की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि रेलवे यात्रियों की जरूरतों के अनुरूप परिचालन और सुविधाएं कितनी प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराता है।

सुबह रावघाट से चलेगी दोपहर रायपुर पहुंचेगी

रेलवे की जारी समय-सारिणी के मुताबिक, ट्रेन रावघाट से सुबह 6.30 बजे रवाना होकर 7 बजे ताड़ोकी, 8.25 बजे दल्लीराजहरा और 11.30 बजे दुर्ग पहुंचेगी। दोपहर 1.05 बजे रायपुर पहुंचेगी। वापसी में रायपुर से दोपहर 1.20 बजे रवाना होकर 2.30 बजे दुर्ग, शाम 4.35 बजे दल्लीराजहरा, 6.25 बजे ताड़ोकी और शाम 7 बजे रावघाट पहुंचेगी। प्रस्तावित समय-सारिणी के अनुसार ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी।

केशकाल घाट में पत्थर से टकराई बाइक, दो युवकों की मौके पर मौत

केशकाल। बस्तर संभाग के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले केशकाल घाट में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोपहिया वाहन से जगदलपुर की ओर जा रहे दोनों युवक घाट के नीचे मंदिर के पास स्थित मोड़ पर पत्थर से टकरा गए। हादसा इतना गंभीर था कि दोनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान संदीप कुंजाम 24 वर्ष एवं पुटमि मटकाम 21 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों धमतरी जिले के केरेगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चनागांव के निवासी थे। बताया जा रहा है कि दोनों युवक अपने गांव से दोपहिया वाहन पर सवार होकर जगदलपुर की ओर निकले थे। इसी दौरान केशकाल घाट के नीचे मंदिर के पास स्थित मोड़ पर उनका वाहन पत्थर से टकरा गया।



पुलिस जांच में जुटी

घटना में दो युवकों की जान जाने से उनके परिजनों और परिचितों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुर्घटना से जुड़े तथ्यों और परिस्थितियों की जांच के बाद ही हादसे के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। केशकाल घाट से होकर प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं।

घाट के मोड़ पर हुआ हादसा

केशकाल घाट अपनी घुमावदार सड़क और ढलान के लिए जाना जाता है। घाट मार्ग पर वाहन चालकों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता होती है। ऐसे में मंदिर के नीचे स्थित मोड़ पर हुई इस दुर्घटना ने एक बार फिर घाट मार्ग पर सुरक्षित यात्रा की अहमियत को सामने ला दिया है। हालांकि, दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, वाहन की गति कितनी थी और सड़क पर मौजूद पत्थर से टकराने की वास्तविक वजह क्या रही, इन तथ्यों की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 को रायपुर और 23 को जगदलपुर के कार्यक्रम में रहेंगी

रायपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 और 23 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वे रायपुर और जगदलपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी।



22 अक्टूबर को राष्ट्रपति रायपुर स्थित लोक भवन में दोपहर 12:45 बजे सिंधी समाज की पूज्य माता हासी देवी के सम्मान में 200 रुपए का स्मारक सिक्का जारी करेंगी। इस कार्यक्रम में सिंधी समाज के संत और सामाज सेवी भी शामिल होंगे। इसके बाद, शाम 4 बजे वे रायपुर के बूढ़ापारा स्थित बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में नुआखाई पर्व के अवसर पर आयोजित सेवा सम्मान पर्व एवं युवा प्रबोधन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। राजधानी में होने वाले इन कार्यक्रमों को लेकर तैयारी चल रही है। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश के कुछ मंत्री भी शामिल होंगे। 23 अक्टूबर को राष्ट्रपति सुबह 11 बजे जगदलपुर स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी। इसके बाद, दोपहर 12:45 बजे वे जगदलपुर में मुरिया दरबार एवं बस्तर दशहरा के अवसर पर आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होंगी। राष्ट्रपति का यह दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा राज्य की राजधानी रायपुर और बस्तर क्षेत्र में विभिन्न औपचारिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता का अवसर होगा।

छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक
CHHATTISGARH GRAMIN BANK
क्षेत्रीय कार्यालय- अम्बिकापुर, कुसुमतारा कॉम्प्लेक्स, द्वितीय तल, हनुमान गली, न्यू महामाया रोड, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
Telephone :6232033095 , 6232033100, Email – adv.ro.amb@cgbank.in

- वाहन नीलामी सूचना -

बैंक द्वारा जब्त किए गये निम्नलिखित वाहन की नीलामी **" जंहा है जैसा है जो भी है"** के आधार पर दर्शायी गयी तिथि एवं स्थान पर किया जाना प्रस्तावित है ।

क्र.	संबंधित शाखा का नाम	ऋणी का नाम व पता	वाहन का नाम/ जानकारी	वाहन का पंजीयन क्रमांक	प्रारक्षित मूल्य रू.	धरोहर राशि रू.
1.	फुन्दुरडिहारी	प्रिंस गुप्ता पिता राजेश गुप्ता, पताः लालबहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 31, मायापुर, अंबिकापुर, जिला सरगुजा, छत्तीसगढ़-497001	Eicher Pro 3018 HSD (Eicher Motors Limited)	CG-15 EE-3898	₹ 18,00,000/-	₹ 1,80,000/-

वाहन का निरीक्षण स्थानः महामाया यार्ड, बाबरा पेट्रोल पंप के पास, गांधी नगर, अंबिकापुर (छ.ग.)
नीलामी स्थलः छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर. पता- द्वितीय तल, कुसुमतारा, न्यु महामाया रोड, अम्बिकापुर छ.ग. 497001. नीलामी तिथिः दिनांक 06/11/2026, समय प्रातः11 बजे ।
1. यह की इस नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को **छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक** के पक्ष में धरोहर/अमानत राशि का भुगतान आदेश/मांग ड्राफ्ट सहित आवेदन पत्र **छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक,क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर** के पास **दिनांक 06/11/2026 सुबह 10.45 बजे तक** जमा करना होगा । **2.** आवेदन में शाखा का नाम, वाहन क्र.,स्पष्ट रूप से लिखकर बोली राशि अंको एवं शब्दों में लिखकर स्वयं के पहचान पत्र की फोटो कापी सहित, वाहन धरोहर राशि, आदेश/मांग ड्राफ्ट का विवरण आवश्यक रूप से देना होगा । **3.** सफल बोली लगाने वाले को विक्रय मूल्य की 25% राशि **छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक** के पक्ष में नगद/ भुगतान आदेश/मांग ड्राफ्ट द्वारा तुरंत (24 घंटे के अन्दर) जमा करना होगा, पूर्व में जमा की गयी राशि को इसमें समायोजित किया जायेगा एवं शेष 75% राशि नीलामी विक्रय की पुष्टि से 15 दिन अथवा उसके पूर्व जमा करना होगा, ऐसा न करने पर उक्त 25% राशि जप्त कर ली जाएगी, एवं उक्त वाहन की पुनः नीलामी की जावेगी । **4.** नियम एवं शर्तों के अधीन पूर्ण रूपेण सही एवं सर्वाधिक बोली पाय जाने वाली सीलबंद निविदा को सफल घोषित किया जायेगा व् अन्य व्यक्तियों के भुगतान आदेश/मांग ड्राफ्ट नीलामी के बाद बिना ब्याज के वापस कर दिया जायेगा । निविदा/नीलामी को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार उक्त कार्य हेतु गठित कमिटी का होगा । **5.** बिक्री प्रमाण पत्र पूरे निविदा मूल्य एवं अन्य खर्चों के जमा करने पश्चात् ही सुपुर्द किये जावेंगे । **6.** इस विज्ञापन के माध्यम से ऋणी को नीलामी की सूचना दी जा रही है ।

दिनांकः 19.10.2026, स्थानः अंबिकापुर (छ.ग.) **प्राधिकृत अधिकारी, कोरबा**

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

क्रमांक/क/ .तह. / वा. / 2026 बिलासपुर दिनांक 12/09/2026

एतद् द्वारा कार्यालय कार्यालय कलेक्टर महोदय बिलासपुर छ.ग. के पत्र अनुसार आवेदक कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक कोषलेखा एवं पेंशन बिलासपुर तथा संभागीय वित्त एवं लेखा प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर के संयुक्त भवन निर्माण हेतु कुल अनुमानित लागत रूपये 680 लाख वित्तीय वर्ष 2026-27 में बजट उपलब्ध कराया गया है तथा संयुक्त भवन निर्माण किये जाने हेतु भूमि आबंटन संबंधी अभिलेख उपलब्ध कराने हेतु लेख किया गया है। तत्संबंध में वृद्ध पेंशनरों के आवागमन की सुविधा को देखते हुए बिलासपुर शहर में मौजा बिरकोना म.नं. 1 पटवारी हल्का नंबर 47 रा.मं. कोनी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 1348 आईडी 101128577 रकबा 0.2710 हे. में से रकबा 50 डिसमिल भूमि आबंटित कराने का प्रस्तुत आवेदन पत्र संभागीय संयुक्त संचालक कोषलेखा एवं पेंशन बिलासपुर एवं लेखा प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर के संयुक्त भवन निर्माण हेतु प्राप्त आवेदन के अनुसार जांच एवं प्रतिवेदन पेश किये जाने हेतु श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी बिलासपुर के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

को यदि किसी संस्था / व्यक्ति को उक्त संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति / दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 22/10/2026 सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब / दावा प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति स्वीकार नही किये जावेंगे। आज दिनांक 12/10/26 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
जी. 262704068/1 बिलासपुर (छ.ग.)

राशिफल

मेष वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

वृष धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

मिथुन माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

कर्क आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

सिंह पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

कन्या स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा ।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

तुला वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृश्चिक शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

धनु कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

मकर कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कुंभ कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

मीन दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

शब्द पहेली - 6383



बाएँ से दाए-
1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

ऊपर से नीचे
2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

शब्द पहेली -6382 का हल



सूडोकु नवताल- 6393

सरल

2	9			5				4
4			2		7		8	
	1	6		8				3
8		5		9				7
3	6			2			1	9
1				3		5		2
5				7		6	3	
	3		1		8			5
9				6			2	1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6392 का हल

7	8	1	6	9	4	2	5	3
2	6	4	5	3	6	1	7	9
5	3	9	1	2	7	4	6	8
9	5	8	7	4	1	3	2	6
1	2	3	9	5	6	7	8	4
4	7	6	3	8	2	9	1	5
3	9	7	2	6	5	8	4	1
6	4	2	8	1	9	5	3	7
8	1	5	4	7	3	6	9	2

हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न.
पेश है हिमाचल प्रदेश के **धनी राम** की **कांगड़ा कला.**

Hero

हीरो संग त्योहार है हर कहीं...

दशहरे की शुभकामनाएँ



सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं®

कैश डिस्काउंट ₹3000~ तक

एक्सचेंज बोनस ₹5000~ तक

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10000^ तक SBI card HDFC BANK pine labs

कम डाउन पेमेंट ₹4999^ से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3200~ तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount, Exchange & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. $T&C apply, Offer available only on limited stores. @Limited period offer, T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो 9289922706, **अंबिकापुर:** आनंद हीरो 9289922359, सरगुजा हीरो 9289923110, **कोरबा:** शांति हीरो 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो 9289923057, **रायगढ़:** गोयल हीरो 9289922373, आदित्य हीरो 9289923091, **जांजगीर:** आनंद हीरो 9289922772, **बैकुंठपुर:** आर.के. हीरो 9289922812, **जशपुर:** आकाश हीरो 9289922909, **एसोशिएट डीलर: खड़गांव:** बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415, **चौरा:** ओम ऑटो एजेंसी: 7000316070, **सरिया:** अग्रवाल ऑटो सेण्टर 9993121909, **गौरेला:** श्री माँ नर्मदा मोटर्स 7587796622 / 7587796611, **सनावल:** सोनी ऑटोमोबाइल्स 9479235816, **रतनपुर:** माँ महामाया मोटर्स 9754240437 / 8839972027, **बलोदा:** श्री कमला ऑटो 9926515216, **मरवाही:** राहुल ऑटोमोबाइल्स 8889467369 / 8719087320, **मुगेली:** महावीर मोटर्स 9993855199, **मनेन्द्रगढ़:** विवेक ट्रेडर्स 6261178785, **कटघोरा:** श्री शारदा एंटरप्राइज 9809809925, **शिवरीनारायण:** सुल्तानिया ऑटा केयर 9407600319, **सक्ती:** गोयल ऑटो 9303571001, 7000490324, **खरसिया:** विजय ऑटो एजेंसी 9993093829, **सीतापुर:** श्रीराम हीरो, 7000043001, **पत्थलगांव:** ज्योति ऑटो 9406399000, **सारंगढ़:** गोपाल ऑटो सेंटर 9827893203, **सूरजपुर:** आशा ऑटोमोबाईल्स 9826440096, **अकलतरा:** श्री ऑटो 9424174274, **कोटा:** उर्मिला मोटर्स 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स: 6268000180 / 8718888789, **रामानुजगंज:** प्रीति ऑटोमोबाईल 8827674000, **बाराद्वार:** दुर्गा ऑटो एजेंसी 8319982160, **उदयपुर:** बंसत ऑटोमोबाईल्स 9406022927, **तपकरा:** प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, **प्रतापपुर:** तायल ऑटोमोबाईल्स 9617218005, **पटना:** आयुश ऑटोमोबाईल्स 8839141926, **पाली:** आनंद ऑटोमोबाईल 7089519999, **राजपुर:** महामाया एजेंसी, 9516209272 / 9340726288, **मदनपुर: ओम ऑटो एजेंसी,** 7000316070, **सीपत:** मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, **महापाली:** साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, **लखनपुर:** पीएन ऑटोमोबाइल्स, 8839193005, **बटौली:** इक्छा ऑटोमोबाइल्स, 8770232677, **कुसमी:** बोल्बम ऑटो, 8120191597, **विश्रामपुर:** खुशी ऑटोमोबाइल, 9826775718, **झरगांव:** ऐबानी मोटर्स, 7849000000, **रामानुजनगर:** जयसवाल ऑटो, 9926015773, **बलंगी:** नमो ऑटोमोबाइल्स, 9977876863, **भैयाथान:** आनंद ऑटोमोबाइल्स, 9977221111, **प्रेमनगर:** मानस ऑटोमोबाइल्स, 9131301594, **लोरमी:** महेश मोटर्स, 7974700929, **खैरागढ़:** पुष्पक बिक्री, 9425554343, **भानपुरी:** अपराशा ऑटोमोबाइल्स, 9981009491, **ऐडिशनल वर्कशॉप: अम्बिकापुर:** आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज 7771008601/9289922359, **जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट:** ओरियन ऑटोव्हील्स 07752-252088, **अधिकृत सिटी वर्कस्: उरगा:** बालाजी सर्विस स्टेशन 279600, **डीलर एक्सटेंशन काउंटर: बिलासपुर** (सकरी) सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, **चम्पा:** आनंद हीरो 7909901444, **कोरबा:** शांति हीरो, 7440299000 **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुर:** सत्या हीरो 9289922464, **खड़गांव:** बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415.

Cheil 33547/26

खबर संक्षेप



एचएफसीएल का लाभ बढ़कर 394 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। दूरसंचार उपकरण बनाने वाली घरेलू कंपनी एचएफसीएल का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ कई गुना होकर 394.22 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कृत्रिम मेधा (एआई) डेटा केंद्रों से ऑप्टिकल फाइबर केबल की मांग बढ़ने से उसके लाभ में यह वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी ने करीब 72 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

अल्ट्राटेक सीमेंट का लाभ 21.3% बढ़ 1,501 करोड़

नई दिल्ली। देश की प्रमुख सीमेंट विनिर्माता कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 21.27 प्रतिशत बढ़कर 1,501.38 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 1,237.98 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया था। अल्ट्राटेक सीमेंट ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसकी परिचालन आय 18.81 प्रतिशत बढ़कर 23,295.07 करोड़ रुपये हो गई।

यूनियन बैंक का लाभ 31% बढ़कर 5781 करोड़ रुपए



मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत बढ़कर 5,781 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की समान (जुलाई-सितंबर) तिमाही में 4,425.95 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने सोमवार को बयान में कहा कि एकल आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ जुलाई-सितंबर तिमाही में 30.32 प्रतिशत बढ़कर 5,537.20 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,249.08 करोड़ रुपये था।

एक्सिस बैंक का शेयर चार प्रतिशत से अधिक टूटा



नई दिल्ली। एक्सिस बैंक का शेयर सोमवार को चार प्रतिशत से अधिक टूट गया। बैंक का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का नतीजा निवेशकों को उत्साहित करने में विफल रहा। बीएसई पर एक्सिस बैंक का शेयर 3.85 प्रतिशत टूटकर 1,236.90 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 4.77 प्रतिशत टूटकर 1,225 रुपये तक आ गया था। एनएसई पर बैंक का शेयर 4.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,236 रुपये पर बंद हुआ।

एसबीआई खरीदेंगी केयरएज ग्लोबल में हिस्सेदारी



नई दिल्ली। रेटिंग एजेंसी केयरएज रेटिंग्स ने सोमवार को कहा कि उसने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी केयरएज ग्लोबल आईएफएससी में 19.8 प्रतिशत हिस्सेदारी भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एनएसई आईएफएससी को बेचने का फैसला किया है। केयरएज रेटिंग्स ने शेयर बाजार को बताया कि उसने केयरएज ग्लोबल आईएफएससी लिमिटेड (सीजीआईएल) में 9.9 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी एसबीआई को और 9.9 प्रतिशत हिस्सेदारी एनएसई आईएफएससी (एनएसईआईएक्स) को बेचने के लिए शेयर खरीद समझौते और शेयरधारक समझौते किए हैं।

जियो प्लेटफार्म के आईपीओ पर टूट पड़े संस्थागत निवेशक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई

जियो प्लेटफॉर्म्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए संस्थागत निवेशकों ने करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये की बोलियां लगाई हैं। कंपनी में हिस्सेदारी लेने के इच्छुक निवेशकों में वैश्विक परिसंपत्ति प्रबंधक, सरकारी निवेश कोष, घरेलू म्यूचुअल फंड और बीमा कंपनियां शामिल हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज की यह अनुषंगी कंपनी शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की तैयारी कर रही है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास जियो प्लेटफॉर्म्स की 66.43 प्रतिशत हिस्सेदारी है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि कंपनी की 8,110 करोड़ रुपये की 'एंकर बुक' के लिए पेशकश की गई राशि के मुकाबले 30 गुना से अधिक बोलियां मिली।

संस्थागत निवेशकों ने 2.5 लाख करोड़ की बोलियां लगाई

निवेश कंपनियों में ब्लैकरॉक कैपिटल शामिल

संस्थागत निवेशकों की ओर से दिखाई गई इस रुचि से दूरसंचार एवं डिजिटल सेवाओं के कारोबार में निवेश की उनकी मजबूत दिलचस्पी का पता चलता है। सूत्रों ने बताया कि 'एंकर बुक' श्रेणी के लिए बोलियां लगाने वाली वैश्विक निवेश कंपनियों में ब्लैकरॉक, कैपिटल ग्रुप, फिडेलिटी इन्वेस्टमेंट्स, टी. रो प्राइस, श्रोडर्स, जेपी मॉर्गन एसेट मैनेजमेंट, फ्रैंकलिन टेम्पलटन, इनवेस्को और जेनस हेंडरसन शामिल हैं।



सार्वजनिक निवेश संस्थाओं ने भी लगाई बोली

'एंकर बुक' आईपीओ में बड़े संस्थागत निवेशकों से जुटाई जाने वाली बोलियों और निवेश की प्रक्रिया से जुड़ी होती है। उन्होंने बताया कि सिंगापुर के जीआईसी, अबू धाबी निवेश प्राधिकरण, कतर निवेश प्राधिकरण और नॉर्वे के नोर्गेस बैंक इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट समेत सरकारी और सार्वजनिक निवेश संस्थानों ने भी निवेश के लिए बोलियां लगाईं।

भारत का अबतक का सबसे बड़ा आईपीओ

इस आईपीओ के भारत का अब तक का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम बनने की उम्मीद है। मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी का मूल्यांकन करीब 108 अरब अमेरिकी डॉलर हो सकता है। कंपनी के आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, इससे जुटाई गई राशि का इस्तेमाल कुछ हद तक उसकी दूरसंचार अनुषंगी कंपनी का कर्ज चुकाने और सामान्य कारोबारी जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

भारत के बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में आ सकती है कठिनाई

चीन ने भारत की राह में खड़ी की मुश्किल ? टनल बनाने वाली मशीनों पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीन ने ऐसा कदम उठाया है, जिससे भारत के बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बीजिंग ने टनल बनाने वाली मशीनों समेत कई अहम उपकरणों के निर्यात पर नए प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया है। इन मशीनों का इस्तेमाल मेट्रो नेटवर्क, हाई-स्पीड रेल और सीमा क्षेत्रों में सुरंग बनाने के लिए होता है। ऐसे में चीन का यह फैसला भारत के लिए चिंता बढ़ाने वाला है। नए प्रतिबंध 18 नवंबर 2026 से लागू होंगे।

मशीनों का उपयोग मेट्रो नेटवर्क, हाई-स्पीड रेल व सुरंग बनाने में होता है

चीन के नए निर्यात नियंत्रण में टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) और उनसे जुड़े उपकरण शामिल हैं। इन मशीनों की मदद से जमीन के नीचे लंबी सुरंगें बनाई जाती हैं। मेट्रो रेल नेटवर्क के विस्तार से लेकर रेलवे और सीमावर्ती इलाकों में सड़क कनेक्टिविटी बेहतर बनाने तक, कई परियोजनाओं में इनकी जरूरत पड़ती है।

नए प्रतिबंध 18 नवंबर 2026 से लागू होंगे

पहले भी भारत के लिए मशीनों की सप्लाई में आई थी अड़चन

यह पहली बार नहीं है जब भारत को चीन से टनल बोरिंग मशीनें हासिल करने में परेशानी का सामना करना पड़ा हो। साल 2024 में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने जर्मनी के तत्कालीन उपकुलपति रॉबर्ट हाबेक के सामने यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने बताया था कि चीन में मशीनें बनाने वाली एक जर्मन कंपनी को भारत के लिए इनका निर्यात करने की अनुमति नहीं मिल रही थी। इस पुराने मामले के बीच अब चीन की ओर से नए प्रतिबंधों का ऐलान भारत की चिंता बढ़ा सकता है। खासकर उन परियोजनाओं के लिए, जहां ऐसी मशीनों और उनके विशेष पुर्जों की जरूरत होती है।



कई दूसरे उपकरण भी निशाने पर

चीन ने वॉकिंग एक्सकेवेटर और ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में इस्तेमाल होने वाली वेट शॉटक्रीट मशीनों को भी प्रतिबंधों के दायरे में रखा है। ये उपकरण मुश्किल जमीन पर खुदाई करने और सुरंगों में कंक्रीट का मिश्रण छिड़कने के काम आते हैं। इसके अलावा, समुद्र और नदियों से रेत, गाद और दूसरे ठोस पदार्थ निकालने वाली ड्रेजिंग मशीनों के कुछ खास पुर्जों पर भी निर्यात नियंत्रण लगाया गया है। इन उपकरणों की जरूरत बंदरगाहों के निर्माण और जलमार्गों को गहरा करने जैसी परियोजनाओं में पड़ती है।

चीन ने राष्ट्रीय सुरक्षा का दिया हवाला

चीन के वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, इन उपकरणों के निर्यात के लिए कंपनियों को लाइसेंस लेना होगा। निर्यातकों को मशीनों की तकनीकी जानकारी और संबंधित नियंत्रण कोड भी घोषित करने होंगे। दस्तावेजों की जांच के दौरान खेप की आपूर्ति रोकी जा सकती है। चीन ने इस फैसले के पीछे राष्ट्रीय सुरक्षा और अपने हितों को वजह बताया है। हालांकि, भारत पर इसके संभावित असर को देखते हुए यह सवाल अहम हो गया है कि अगर चीन से जरूरी मशीनों की सप्लाई प्रभावित होती है, तो भारत अपने बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की रफ्तार बनाए रखने के लिए क्या वैकल्पिक इंतजाम करेगा।

नेपाल के खाद्य विभाग ने बिस्कुट को घटिया गुणवत्ता का बताया

नेपाल ने 'प्रियागोल्ड' बिस्कुट के आयात और बिक्री पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

नेपाल के अधिकारियों ने भारतीय कंपनी सूर्या फूड एंड एग्रो लिमिटेड के प्रियागोल्ड बिस्कुट के आयात, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया है। नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग ने सोमवार को जारी एक नोटिस में भारत की सूर्या फूड एंड एग्रो लिमिटेड के प्रियागोल्ड बिस्कुट को घटिया गुणवत्ता वाला बताते हुए उसके आयात, बिक्री एवं वितरण पर रोक लगा दी।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने प्रियागोल्ड बिस्कुट बनाने में पशु आहार में इस्तेमाल होने वाले चोकर का उपयोग करने और अन्य गंभीर उल्लंघनों के मामले में सूर्या फूड एंड एग्रो के खिलाफ अभियोजन के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू की है।

एफएसएसएआई ने कहा कि सूर्या फूड एंड एग्रो के निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता में गंभीर खामियां पाई गईं। नेपाल के



खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग ने एफएसएसएआई की ओर से जारी नोटिस के आधार पर प्रियागोल्ड बिस्कुट के आयात एवं बिक्री पर रोक लगाई है। एफएसएसएआई ने सूर्या फूड एंड एग्रो का लाइसेंस भी निलंबित कर दिया है।

नोटिस में कहा गया कि विभाग के महानिदेशक संजीव कुमार कर्ण ने ऑनलाइन माध्यम से आपात बैठक की। इसमें मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा और उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रियागोल्ड बिस्कुट पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया गया।

बिक्री व वितरण रोकने का आग्रह

नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग ने संबंधित सभी निकायों, कारोबारियों और उपभोक्ताओं से आगे से इन बिस्कुट का आयात नहीं करने और उनकी बिक्री तथा वितरण रोकने का आग्रह किया है।

बैंकों के शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 876 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



निजी बैंकों में भारी बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुख के चलते शेयर बाजार में दो कारोबारी सत्रों की तेजी के बाद सोमवार को जोरदार गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 876.37 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी फिसलकर 22,888.95 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 876.37 अंक टूटकर 73,852.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,020.73 अंक तक टूटकर 73,708.54 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 257.20 अंक गिरावट के साथ 22,888.95 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 3.85 प्रतिशत टूटा। इसके अलावा अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, एनटीपीसी और एचडीएफसी बैंक नुकसान में रहने वाले प्रमुख शेयर में शामिल रहे। निजी बैंकों के सितंबर तिमाही के वित्तीय नतीजे निवेशकों को उत्साहित करने में विफल रहे। एचडीएफसी बैंक का शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूट गया। दूसरी ओर, अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन और मारुति सुजुकी इंडिया के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

- निफ्टी 22,900 अंक के नीचे फिसला

आईटी शेयरों में बिकवाली से धारणा हुई प्रभावित

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "कमजोर वैश्विक संकेतों तथा निजी बैंकों और आईटी शेयरों में बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। ऐसे में भारतीय शेयर बाजार नए सिरे से

त्योहारी मांग से सोना 400 रुपए मजबूत

नई दिल्ली। दिल्ली के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 400 रुपये बढ़कर 1.50 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। दशहरा से पहले त्योहारी मांग बढ़ने और वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख से बहुमूल्य धातु की कीमतों को समर्थन मिला। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव शुक्रवार के 1,49,900 प्रति 10 ग्राम से 400 रुपये बढ़कर 1,50,300 रुपये हो गया।

जूस पर भ्रामक दावों के लिए स्टोरिया पर कार्रवाई शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने अनार के जूस के लेबल पर भ्रामक दावे के मामले में स्टोरिया फूड्स एंड बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ 'न्यायनिर्णय' की कार्यवाही को मंजूरी दी है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि स्टोरिया जूस (अनार) में चार प्रतिशत अनार का गाढ़ा रस और 12 प्रतिशत सेब का गाढ़ा रस है, लेकिन इसके नाम और

कंपनी ने अनार के जूस पर भ्रामक जानकारी का लेबल लगाया

तस्वीर से उपभोक्ताओं को उत्पाद की वास्तविक संरचना के बारे में गलत धारणा हो सकती है। नियामक ने कहा कि उत्पाद के लेबल पर यह स्पष्ट रूप से नहीं बताया गया था कि जूस गाढ़े रस से दोबारा तैयार किया गया है, जबकि संबंधित नियमों के तहत ऐसा करना जरूरी है। इसके अलावा, उत्पाद पर किया गया '100 प्रतिशत फलों के जूस के बराबर (दोबारा तैयार किया गया)' का दावा भी संबंधित परामर्श के अनुरूप नहीं पाया गया। पैकेट के सामने 'अतिरिक्त चीनी नहीं' का दावा प्रमुखता से लिखा गया था, जबकि पीछे 'फलों में प्राकृतिक रूप से मौजूद चीनी शामिल है' की जानकारी कम प्रमुखता से दी गई थी।

पुनेरी क्रीम रोल को भी नोटिस

एक अन्य पोस्ट में नियामक ने बताया कि क्रैनबेरी अर्क उत्पाद पर भ्रामक दावे करने के मामले में हेल्दीहे फूड्स एलएलपी को नोटिस जारी किया गया है। बेकलाइट फूड प्रोसेसिंग को उसके उत्पाद 'पुनेरी क्रीम रोल' के लेबल और विज्ञापन में भ्रामक दावे करने के मामले में भी नोटिस दिया गया है।

भारत की 'ऑटो टेक' कंपनियों ने अबतक जुटाए 1.3 अरब डॉलर

नई दिल्ली। भारत की वाहन प्रौद्योगिकी (ऑटो टेक) क्षेत्र की कंपनियों ने इस साल अबतक 97 निवेश दौर में 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। डेटा विश्लेषण मंच 'ट्रैक्सन' की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान सबसे अधिक निवेश ऑनलाइन बुकिंग पर कैब सेवा देने वाली कंपनी रैपिडो ने जुटाया। उसे 24 करोड़ अमेरिकी डॉलर मिले। इसके बाद इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन विनिर्माता सिंपल एनर्जी ने 18 करोड़ अमेरिकी डॉलर और रिवर ने 10.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए।

डेटा विश्लेषण कंपनी ट्रैक्सन ने जारी की रिपोर्ट

'इंडिया ऑटो टेक-2026 वाईटीडी' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय वाहन प्रौद्योगिकी कंपनियों ने 2026 में अबतक 97 दौर में 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। इसकी तुलना में 2025 में 195 दौर में 2.1 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए गए थे। निवेश के इन आंकड़ों में केवल इक्विटी के जरिये जुटाई गई राशि शामिल है।

स्वचालित पार्किंग समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी सोतेफिन का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के समय बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक 3.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा।

शोध आधारित सेवाओं को प्रणाली में किया शामिल

फोनपे ने शेयरडॉटमार्केट को 'फोनपे इन्वेस्ट' के रूप में किया पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फोनपे ने अपने निवेश एवं कारोबार मंच शेयरडॉटमार्केट को फोनपे इन्वेस्ट के रूप में पेश करने की सोमवार को घोषणा की। इसके साथ ही यह मंच फोनपे ब्रांड के तहत आ गया है। कंपनी ने कहा कि शेयरडॉटमार्केट से फोनपे इन्वेस्ट में बदलाव के जरिये शोध आधारित संपत्ति प्रबंधन सेवाओं को फोनपे के एकीकृत वित्तीय प्रणाली में शामिल किया गया है। इसमें भुगतान, कर्ज और बीमा सेवाएं भी शामिल हैं।

- इसमें भुगतान, कर्ज और बीमा सेवाएं भी शामिल

इससे कंपनी की संपत्ति प्रबंधन सेवाएं अधिक लोगों तक पहुंच सकेंगी और फोनपे के बड़े एवं विविध उपयोगकर्ता आधार के लिए निवेश करना आसान होगा। कंपनी बयान के अनुसार, निवेश से जुड़े लेनदेन तक सीमित रहने के बजाय 'पोर्टफोलियो ऑप्टिमाइजर' निवेश की पूरी यात्रा में मदद करता है।

यह आसान माध्यमों के जरिये नए निवेशकों का मार्गदर्शन करता है जबकि अनुभवी निवेशकों को



उनके पोर्टफोलियो के बारे में विस्तृत और उपयोगी जानकारी देता है। फोनपे के संस्थापक एवं मुख्य प्रौद्योगिकी एवं उत्पाद अधिकारी (सीपीटीओ) राहुल चारी ने कहा, फोनपे इन्वेस्ट हमारी संपत्ति प्रबंधन सेवाओं के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है।

संपत्ति प्रबंधन और शेयर कारोबार मंच को फोनपे ब्रांड के तहत एकीकृत करने के साथ यह नई पहचान सभी भारतीयों के लिए समझदारी से निवेश को सुलभ बनाने की हमारी महत्वाकांक्षा को दर्शाती है, ठीक उसी तरह जैसे हमने भारत में भुगतान व्यवस्था को सभी के लिए सुलभ बनाया।

उद्देश्य निवेश को सरल बनाना

चारी ने कहा कि देशभर में अधिक लोगों के संपत्ति बनाने की यात्रा शुरू करने के साथ फोनपे का उद्देश्य निवेश को सरल और अधिक जानकारी पर आधारित बनाना है, ताकि लोग भरोसे के साथ निवेश कर सकें और अपने निवेश संबंधी फैसलों पर उनका पूरा नियंत्रण बना रहे।

आरबीआई के पूर्व गवर्नर सुब्बाराव ने कहा, रुपए पर कुछ साल से दबाव है

रुपए की कमजोरी के लिए ईरान संघर्ष व महंगा तेल जिम्मेदार नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने सोमवार को कहा कि रुपये की कमजोरी के लिए केवल ईरान संघर्ष तथा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों को जिम्मेदार ठहराना और यह मान लेना कि स्थिति सामान्य होने पर रुपया फिर मजबूत हो जाएगा, गलत आकलन होगा। पूर्व गवर्नर ने कहा कि तेल की कीमतें एक महत्वपूर्ण कारक हैं, लेकिन पिछले कुछ साल से रुपये पर दबाव बना हुआ है। इसकी वजह विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी है जो घरेलू और वैश्विक दोनों कारकों को दर्शाती है।

भारतीयों की और से शेयर और एमएफ में निवेश मिला

घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में फिर तेजी के कारण रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तीन पैसे टूटकर 94.92 (अस्थायी) पर रहा। घरेलू स्थिति पर सुब्बाराव ने कहा कि भारतीयों की ओर से शेयर और म्यूचुअल फंड में मजबूत निवेश से बाजार को समर्थन मिला है, लेकिन इससे शेयरों का मूल्यांकन भी बढ़ गया है।



समस्या का गलत आकलन न करे

सुब्बाराव ने कहा, '' रुपये की कमजोरी को पूरी तरह से ईरान के संघर्ष और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से जोड़ना और यह मान लेना कि हालात सामान्य होने पर सब कुछ ठीक हो जाएगा...यह सोचने में अच्छा लग सकता है लेकिन मुझे लगता है कि यह समस्या का गलत आकलन होगा।''

नई प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भूमिका सीमित

सुब्बाराव ने कहा, ''भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, लेकिन कई नई और उन्नत प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में उसकी भूमिका अब भी सीमित है।'' वर्ष 2008 से 2013 तक आरबीआई गवर्नर रहे सुब्बाराव ने कहा कि इससे यह सबक मिलता है कि केवल मजबूत आर्थिक वृद्धि से विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ने या रुपया मजबूत होने की गारंटी नहीं मिलती।

आईएएस अफसर के नाम पर फेसबुक में बनाई फर्जी आईडी परिचितों से मांगे पैसे, शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के आईएएस अफसर सुबोध सिंह के नाम पर फेसबुक में फर्जी आईडी बनाकर उनके परिचितों को मैसेज भेजकर पैसों की मांग करने के साथ शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कराने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले का सोमवार को रायपुर पुलिस ने खुलासा किया है।

ठगी करने वाले दोनों आरोपी उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस दोनों को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर रायपुर लेकर आई है। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। रायपुर पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत उत्तरप्रदेश से दो अंतरराज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



■ ठगी मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को उत्तरप्रदेश से किया गिरफ्तार

इनमें एक आरोपी ने प्रमुख सचिव और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सुबोध कुमार सिंह के नाम से फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाई और उनके परिचितों को मैसेज भेजकर पैसों की मांग की थी। इसमें प्रार्थी सुशांत पनका ने राखी थाना में शिकायत भी की है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने धारा 319(2), 336(3) बीएनएस, 66(सी) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। इस प्रकरण में जांच करते हुए पुलिस ने फेसबुक, गूगल एवं मोबाइल सर्विस प्रदाता कंपनी से आईडी बनाने वाले आरोपी से संबंधित जानकारी ली, जिसके आधार पर आरोपी अर्जुन कुमार जाटव निवासी हमीरपुर उत्तरप्रदेश की पहचान की गई। जांच में पता चला कि अर्जुन ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर फेसबुक में आईएएस की फर्जी आईडी बनाकर उनके परिचितों को मैसेज भेजकर पैसों की डिमांड की। आरोपी का मिला मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने ग्राम पारा तहसील मौदहा हमीरपुर उत्तरप्रदेश से उसे गिरफ्तार किया।

कई जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के नाम की भी बना रखे थे फर्जी आईडी

पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी ने अपने मोबाइल नंबर से स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के नाम की भी फर्जी आईडी फेसबुक में बना रखी है। जांच में आईडी के साक्ष्य मिले हैं। पुलिस आशंका जता रही है कि आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के परिचीतों से भी पैसे मांगे हैं, जिसका खुलासा जांच में होने की संभावना है।

शेयर ट्रेनिंग के नाम पर 88 लाख की ठगी

ठगी के दूसरे मामले में भी पुलिस ने आरोपी प्रवीण दीक्षित 46 वर्ष को पांडुनगर हंसनगर कानपुर उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। इस मामले में प्रार्थी रश्मि शर्मा ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके साथ शेयर ट्रेनिंग में मुनाफा कराने के नाम पर 88 लाख रुपए की ठगी हुई है। इस मामले में पुलिस ने धारा 318(4), 3(5), 238, 111 बी एन एस, 66(डी) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। इस प्रकरण में जांच करते हुए पुलिस ने बैंक खाता, मोबाइल नंबर एवं वॉट्सएप से प्राप्त तथ्यों का विश्लेषण कर मुख्य आरोपी प्रवीण कुमार दीक्षित की पहचान कर उसे कानपुर उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया।

दीक्षित एजेंसी के नाम से बना रखी थी फर्जी कंपनी की आईडी

प्रवीण ने भी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दीक्षित एजेंसी के नाम से एक फर्जी कंपनी की आईडी सोशल मीडिया में बना रखी है। इस कंपनी के माध्यम से वह शेयर ट्रेनिंग में मुनाफा कराने के नाम पर लोगों को झांसा में लेकर उनसे ठगी किया करता था। इस कंपनी के नाम से वह अपने बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कराता था। पुलिस के अनुसार आरोपी इस बैंक खाता के जरिए देश के कई शहरों में ठगी कर चुका है, जिसकी रिपोर्ट 11 थाना एवं साइबर सेल में दर्ज है।



दशहरा से पहले नवमी से ही बाजे-गाजे के साथ 30 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राजधानी में नौ दिनों तक श्रद्धा व भक्ति के साथ मां दुर्गा की उपासना का पर्व नवरात्रि सोमवार को नवमी के दिन हवनपूजन के साथ पूरा हुआ। मंगलवार को विजयादशमी उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा, पर इस बार नवमी तिथि के दिन ही शहर के कुछ स्थानों से दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा बाजे-गाजे के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन महादेवघाट के समीप विसर्जन कुंड में देर शाम तक शुरू हो गया। इसे देखते हुए नगर निगम जोन 8 कमिश्नरी ने तत्काल 3 क्रेन सहित गोताखोरों को इस कार्य में लगाया। सोमवार देर शाम तक 30 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन क्रेन के माध्यम से विसर्जन कुंड में किया गया। नगर निगम द्वारा 20 से 25 नवंबर तक मां दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारी करते हुए जोन अधिकारियों व कर्मचारियों की तीन पाली में ड्यूटी लगाई है।

शहर में दुर्गा नवमी के दिन ही देर शाम तक 30 विशाल आकार के दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन बाजे-गाजे के साथ जयकारों के बीच माता के भक्तों ने महादेवघाट के विसर्जन कुंड स्थल पहुंचकर किया।

निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने 20 से 25 अक्टूबर तक दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन व्यवसथा के सुचारू संचालन और इसकी सतत निगरानी के लिए जोनवार अधिकारियों व कर्मचारियों की तीन पाली में ड्यूटी लगाई है। यह क्रम 20 अक्टूबर की सुबह 6 बजे से शुरू हो जाएगा। एनजीटी के निर्देश पर खारुन नदी में सीधे दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन की मनाही की गई है। इसे ध्यान में रखते हुए खारुन नदी के किनारे महादेवघाट पुलिया के पास नगर निगम द्वारा बनवाए गए अस्थायी विसर्जन कुंड में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन करने प्रशासनिक व्यवस्था बनाई गई है। इसके लिए कुंड में नदी का साफ पानी मोटर पंप लगाकर पहले भी भर लिया गया है।

7 क्रेन के साथ 90 गोताखोरों की तीन पाली में तैनाती आज से

महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 8 कमिश्नरी ने दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की सुचारू व्यवस्था बनाने विसर्जन कुंड स्थल पर 20 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक 7 क्रेन की व्यवस्था की है। इसके साथ ही बड़े आकार की दुर्गा प्रतिमाओं के सम्मानपूर्वक विसर्जन को ध्यान में रखते हुए तीन अलग-अलग पाली में कुल 90 गोताखोर इस कार्य के लिए लगाए जा रहे हैं। 20 अक्टूबर से एक पाली में 30 गोताखोर प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए स्थल पर मौजूद रहेंगे। वहीं पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। इसके अलावा पुलिस के जवानों की तैनाती विसर्जन कुंड सहित आसपास के स्थलों पर की जा रही है। स्थल पर हाई मास्ट लाइटें और श्रद्धालुओं के पेयजल की सुविधा के लिए नगर निगम द्वारा पानी टैंकर की व्यवस्था की जा रही है। निगम आयुक्त के आदेश पर जोनवार निगम कमिश्नर, सहायक अभियंता, उप अभियंता और कार्य सहायकों की तीन पाली में 20 अक्टूबर की सुबह 6 बजे से लेकर 25 अक्टूबर की सुबह 6 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। संबंधित अधिकारी व कर्मचारी विसर्जन कुंड स्थल पर बनाए गए पंडाल में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखेंगे।

रायपुर में सबसे ज्यादा 100 करोड़ के कारोबार की संभावना

पटाखों पर भी महंगाई की मार, 15 फीसदी तक बढ़े दाम प्रदेश में होगा 500 करोड़ का बम फोड़ कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

त्योहारी सीजन में जहां ज्यादातर सामान महंगे हो गए हैं, वहीं पटाखों पर भी महंगाई की मार पड़ी है। पटाखे 10 से 15 फीसदी तक महंगे हो गए हैं। अपने प्रदेश में भी ज्यादातर पटाखे शिवकाशी से आते हैं। वैसे लोकल पटाखे भी बनते हैं।



प्रदेश में इस बार पांच सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने की संभावना है। राजधानी रायपुर में सबसे ज्यादा 100 करोड़ का कारोबार होगा। इसी के साथ गांवों से लेकर शहरों तक बड़ा कारोबार होगा। इस बार भी कुछ नए आइटम बाजार में आए हैं। अब तक बाजार पूरी तरह से गुलजार नहीं हुए हैं। आने वाले सप्ताह में दशहरे के बाद जब अस्थाई बाजार लगेंगे, तो बिक्री की रफ्तार में इजाफा होगा। अभी कारोबार की रफ्तार धीमी है। दीपावली पर वैसे तो सबसे बड़ा कारोबार आटोमोबाइल, सराफा, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ों, बर्तनों का होता है।

स्काई शॉट सबसे महंगा पटाखा

कारोबारियों के मुताबिक इस बार भी पटाखों के दाम में 10 से 15 फीसदी तक का इजाफा हुआ है। जो अनार बीते साल 90 रुपए में मिलता था, उसके दाम इस बार सौ रुपए हो गए हैं। बम की बात करें तो दो सौ वाला बम का पैकेट इस बार दो सौ 30 रुपए हो गया है। छोटे से लेकर बड़े सभी आइटमों के दाम बढ़े हैं। पांच सौ वाली लड़ी पहले 230 रुपए की आती थी, इसके दाम अब 250 रुपए हो गए हैं। हजार वाली लड़ी के दाम पांच से छह सौ रुपए हैं। दो हजार वाली लड़ी के दाम 12 से 15 सौ रुपए, पांच हजार वाली लड़ी के दाम तीन से चार हजार और दस हजार वाली लड़ी के दाम छह से आठ हजार हैं। अलग-अलग कंपनी के दाम अलग-अलग हैं। सबसे महंगा पटाखा स्काई शॉट वाला है। इसके दाम पांच हजार से लेकर 20 हजार तक हैं। यह 15 मिनट से लेकर 60 मिनट तक चलता है।

बड़ा टर्सरी सेंटर इसलिए दूसरे मेडिकल कालेजों से भी आ रहे गंभीर प्रकरणों के शव

थानों का बंटवारा फिर भी आंबेडकर अस्पताल में शवों का लोड ज्यादा, रोजाना कर रहे दस पोस्टमार्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

परिजनों को पोस्टमार्टम के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े, इसके लिए तीन अस्पतालों के बीच थानों का बंटवारा तो कर दिया गया, मगर चार साल बीतने के बाद भी आंबेडकर अस्पताल की मरचुरी में शवों का बोझ कम नहीं हो रहा है।



बड़ा टर्सरी सेंटर होने की वजह से आसपास से भी संदिग्ध मामलों में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया इसी अस्पताल से पूरी कराई जा रही है। यहां रोजाना औसतन दस पोस्टमार्टम हो रहे हैं, जिसकी वजह से रिपोर्ट मिलने में तीन से चार दिन और संदिग्ध प्रकरणों में दस से पंद्रह दिन का वक्त भी लग रहा है।

पोस्टमार्टम के बाद रिपोर्ट के लिए लंबी वेटिंग की वजह से मामलों की जांच होने वाली देर को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2022 में जिला प्रशासन ने थानों का तीन अस्पताल एम्स, आंबेडकर और जिला अस्पताल के बीच बंटवारा किया है। इमसें एम्स और डिस्ट्रिक हास्पिटल को 6-6 थाने दिए गए थे और आंबेडकर अस्पताल के खाते में 13 थाने आए थे।

थाने ही नहीं अन्य जिलों से भी

आंबेडकर अस्पताल के पास वैसे तो गुढ़ियारी, मुजगहन, खमतराई, उरला, गंज, टिकरापारा, मौदहापारा, गोलबाजार, अजाक थाना, महिला थाना, मंदिर हसौद, कोतवाली तथा न्यू राजेन्द्र नगर थाना है। मगर यहां अन्य विभिन्न थाना क्षेत्र के साथ दूसरे जिलों से भी संवेदनशील मामलों में शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाता है। जिले में जहरखुरानी, आत्महत्या जैसे मामलों में शवों की जांच ब्लाक स्तर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी पूरी की जाती है। आंबेडकर अस्पताल के संबंधित विभाग में वर्तमान 3 सीनियर डाक्टरों के अलावा 13 पीजी डाक्टर और 5 अन्य स्टाफ मिलकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर रहा है।

टार फैक्ट्री में भीषण आग, 5 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू



हरिभूमि न्यूज: रायपुर

राजधानी रायपुर के उरला इंडस्ट्रियल एरिया के पोरवाल टार फैक्ट्री में सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के समय फैक्ट्री में बड़ी संख्या में मजदूर काम कर रहे थे, लेकिन आग लगते ही सभी मजदूर सुरक्षित वहां से निकल गए। इधर आगजनी की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और लगभग 5 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।उरला पुलिस एवं अग्निशमन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पोरवाल टार फैक्ट्री में दोपहर करीब 1.30 बजे उस समय आग लगी जब वहां काम चल रहा था। आग लगने के बाद कुछ मिनटों में ही तेजी से फैल गई, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। आग लगने के दौरान सभी मजदूर अपनी जान बचाकर स्पॉट से दूर चले गए। इधर आग लगने की सूचना फैक्ट्री प्रबंधक की ओर से तत्काल अग्निशमन विभाग को दी गई। इस सूचना के आधार पर विभाग की एक के बाद एक 3 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने लगीं। आग डामर में लगी, जिसे बुझाने में विभाग के कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दोपहर से लेकर रात करीब 7 बज गए। इस तरह आग बुझाने में 5 घंटे से अधिक समय लग गया।

टार के रिसाव से आग लगने की आशंका

आग लगने का कारण टार का रिसाव एवं शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। रिसाव वाली जगह पर शॉर्ट सर्किट होने से उसमें आग लग गई, जो तेजी से फैल गई। इस आगजनी में कितने का नुकसान है, इसका आंकलन अभी नहीं किया जा सका है। हालांकि अच्छी बात यह है कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है।

खारुन में प्राकृतिक स्त्रोतों से पानी आना हुआ कम, अब गंगरेल बांध के पानी से बुझेगी शहर की प्यास

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

खारुन नदी में प्राकृतिक स्त्रोतों से बहकर आने वाले पानी का प्रवाह अब धीरे-धीरे कम होने लगा है। ऐसे में पखवाड़े भर तक प्राकृतिक स्त्रोतों से बिना किसी दिक्कत के शहरवासियों को पीने का भरपूर पानी मिलेगा। नवंबर से शहरवासियों की प्यास बुझाने गंगरेल डेम से कच्चा पानी लेने की स्थिति बन सकती है। ऐसे में नगर निगम के जल विभाग ने सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों को इस स्थिति से अवगत करा दिया है। जरूरत पड़ने पर लोगों की प्यास बुझाने आने वाले दिनों में 100 से 150 क्यूसेक पानी गंगरेल डेम से एनीकट के लिए छोड़ा जाएगा।

दरअसल, साल के 12 महीनों में से केवल 3 माह ही खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से आने वाले पानी से शहर की प्यास बुझ पाती है, बाकी के 9 महीने शहर की 45 पानी टंकियों को भरने के लिए नगर निगम के जल विभाग को गंगरेल बांध पर निर्भर रहना पड़ता है। सितंबर के अंतिम सप्ताह इस बार हुई झमाझम बारिश के बाद यह उम्मीद रही कि नेचुरल फ्लो से बहकर खारुन नदी में आने वाला रॉ वाटर नवंबर माह तक शहरवासियों की प्यास बुझाएगा, लेकिन नगर निगम के काठाडीह स्थित इंटेकवेल में प्राकृतिक स्त्रोतों से मिलने वाले पानी की धार कम होने लगी है। इसे देखते हुए नवंबर से आवश्यता अनुसार गंगरेल बांध से पानी छोड़ने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया गया है। नगर निगम का जल विभाग शहर की नई व पुरानी 45 पानी टंकियों के माध्यम से प्रतिदिन 300 एमएलडी शुस्द्ध पेयजल की आपूर्ति करता है। बारिश के सीजन से लेकर अब तक लोगों के पेयजल आवश्यकता की आपूर्ति प्राकृतिक स्त्रोतों से आ रहे रॉ वाटर को शुद्ध कर होते रही है। लेकिन अब गंगरेल बांध से पानी खरीदकर लोगों की प्यास बुझाने की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए गंगरेल डेम से प्रतिदिन 100 से 150 क्यूसेक रॉ वाटर की मांग की जाएगी।

जल शुद्धिकरण में खप रहा 50 एमएलडी रॉ वाटर

जल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शहर की पेयजल आवश्यकता को पूरा करने 350 एमएलडी रॉ वाटर की जरूरत पड़ती है। इसमें से 50 एमएलडी कच्चा पानी फिल्टर प्लांट में जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया के दौरान उपयोग में चला जाता है। बाकी के 300 एमएलडी शुद्ध पानी लोगों तक पहुंचाकर उनकी प्यास बुझाने की व्यवस्था की जाती है।खारुन नदी में प्राकृतिक जल स्त्रोतों से प्राप्त होने वाले जल का स्तर नीचे जा रहा है। ऐसे में नदी के पानी से पखवाड़े भर के पेयजल की आपूर्ति में दिक्कत नहीं आएगी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

बिना व्यवधान नवरात्रि...

दौरान पदयात्रियों के साथ शून्य दुर्घटना रही तथा किसी प्रकार की आपराधिक घटना भी सामने नहीं आई। सभी धार्मिक एवं अन्य कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। नवरात्रि ड्यूटी में तैनात पुलिस बल के सफल प्रयासों के बाद मां बम्लेश्वरी के दरबार में आरती-अर्चना कर पुलिस ने श्रद्धालुओं और सहयोगी सभी विभागों के प्रति आभार जताया। राजनांदगांव पुलिस ने कहा कि भविष्य में भी जनसेवा, सुरक्षा और धार्मिक आयोजनों के सुचारु संचालन के लिए इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य जारी रहेगा।

दोपहर 12:50 बजे...

और दशमी तिथि का संयोग 21 अक्टूबर के स्थान पर 20 अक्टूबर को निर्मित हो रहा है, इसलिए आज ही दशहरा मनाई जाएगी। दशहरा का दिन वर्ष के उन अबूझ मुहूर्तों में से एक है, जब किसी भी शुभ या मांगलिक कार्य और नए काम की शुरुआत बिना पंचांग या मुहूर्त देखे की जा सकती है। दोपहर में पूजा-अर्चना करने के बाद शाम को रावण दहन का आयोजन किया जाएगा।

ग्रहों का फलदायी संयोग -

दशहरा के दिन किसी भी कार्य के लिए मुहूर्त की आवश्यकता नहीं होती है, लेकिन ज्योतिषीय दृष्टि से भी यह समय खास माना जा रहा है। इस दौरान तुला राशि में बुध, सूर्य और शुक्र की युति रहेगी। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, सूर्य और शुक्र की युति से शुक्रादित्य योग, जबकि सूर्य और बुध की युति से बुधादित्य योग का निर्माण होगा। पंचांग के अनुसार, इस पूरे दिन रवि योग का शुभ संयोग रहेगा, जिसे बहुत ही मंगलकारी और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने वाला माना जाता है। यह पर्व मंगलवार के दिन पड़ रहा है, जिससे शस्त्र पूजन और शक्ति की उपासना का महत्व बढ़ जाता है। ग्रह-नक्षत्रों की यह स्थिति फलदायी संयोग उपस्थित कर रही है।

कल दोपहर 2.11 बजे प्रारंभ होगी एकादशी -वहीं पापांकुशा एकादशी का व्रत 22 अक्टूबर गुरुवार को रखा जाएगा। एकादशी तिथि 21 अक्टूबर की दोपहर 2:11 बजे से शुरू होगी, लेकिन उस दिन सूर्योदय के समय दशमी रहेगी। अगले दिन सूर्योदय के समय एकादशी तिथि मिलने के कारण व्रत 22 अक्टूबर को होगा। 21 अक्टूबर को सूर्योदय के दौरान दशमी तिथि रहेगी। 22 अक्टूबर को सूर्योदय के समय एकादशी होगी, इसलिए पापांकुशा एकादशी का उपवास गुरुवार को रखा जाएगा।

अफसरों ने दबाया...

परिजनों की शिकायत पर एएफआरसी ने जांच को सही पाते हुए तीन मेडिकल कालेजों पर 10-10 लाख का बड़ा जुर्माना लगाया था। इतना ही नहीं तीन साल तक विद्यार्थियों से 4.43 से 4.58 लाख तक की गई वसूली लगभग 500 करोड़ को 7 प्रतिशत ब्याज के साथ वापस करने की सिफारिश की थी। एएफआरसी के इस आदेश के बाद शासन की ओर से चिकित्सा शिक्षा विभाग ने 23 सितंबर 2025 को इस संबंध में आदेश जारी किया गया था। विभागीय आदेश बाहर ही नहीं निकला और अफसरों ने उसे दबा दिया। इन प्रायवेट मेडिकल कालेजों के हौसले इतने बुलंद हो गए है कि वर्तमान शिक्षण सत्र यानी 2026-27 के लिए उन्होंने करीब डेढ़ सौ करोड़ की फिर से वसूली कर डाली।

9 साल पहले पायलीखंड...

की और हुलिए के आधार पर संदिग्ध को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान 64 वर्षीय विनोद अग्रवाल निवासी केके वार्ड भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के रूप में दी।

जेल भेजा गया-

पुलिस ने करीब 10.05 लाख रुपये कीमत के हीरों के साथ एक सैमसंग 5 जी मोबाइल और 2,200 रुपये नगद सहित कुल 10,15,200 रुपये का मशरूका जब्त किया है। आरोपी विनोद अग्रवाल के विरुद्ध खान एवं खनिज अधिनियम और बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय कुरुद के आदेश पर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

बिना मस्टर रोल...

शामिल हैं। यह गड़बड़ी रायपुर, बिलासपुर, गौरेला पेंड्रा मरवाही, की पंचायतों में सामने आई है। छत्तीसगढ़ की ग्राम पंचायतों में सरकारी राशि के उपयोग को लेकर ऑडिट में 330 आपत्तियां दर्ज की गई हैं। इन मामलों में कुल 5 करोड़ 16 लाख 50 हजार 936 रुपये की राशि शामिल है। ऑडिट विवरण में मजदूरी भुगतान, निर्माण कार्यों और योजना मद की राशि के इस्तेमाल से जुड़ी गड़बड़ियों पर सवाल उठाए गए हैं।

मजदूरों के बिना करा...

अथवा संदिग्ध बताया गया है। इस मामले में 2 लाख 49 हजार रुपये की राशि दर्ज है। इसी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मानिक चौरी में भी ऐसी ही आपत्ति दर्ज है, जिसमें 2 लाख 55 हजार 883 रुपये शामिल हैं। इन मामलों में निर्माण कार्य के निष्पादन और श्रमिकों से संबंधित रिकॉर्ड का सत्यापन महत्वपूर्ण है।

बिना मस्टर रोल के...

अनियमित व्यय बताया गया है। इस मामले में 20 हजार रुपये की राशि दर्ज है। मस्टर रोल मजदूरों की उपस्थिति और मजदूरी भुगतान का रिकॉर्ड होता है। इसके बिना भुगतान पर ऑडिट की आपत्ति भुगतान के सत्यापन की प्रक्रिया पर सवाल उठाती है।

मणिपुर में फिर...

लोगों पर कथित हमले के बाद हुआ. अधिकारियों के मुताबिक, सोमवार सुबह इम्फाल ईस्ट और कांगपोकपी जिलों की सीमा के पास गोलीबारी की घटना हुई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। हमले का आरोप कुकी उग्रवादियों पर लगाया गया है।

नेहा बोरा ने शांति...

10 हजार रुपये का पर्सनल बॉन्ड भरने का निर्देश दिया गया है। नेहा बोरा और आइसा की दलील है कि यह नोटिस संविधान के अनुच्छेद 19 और 21 का उल्लंघन करता है। ये अनुच्छेद अभिव्यक्ति की आजादी, जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देते हैं।

डब्ल्यूआरएस में मुख्य अतिथियों एवं वीआईपी के लिए मंच के पास पार्किंग

रायपुर। राजधानी रायपुर के डब्ल्यूआरएस मैदान पर आज भव्य आतिशबाजी एवं धूमधाम से दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए दशहरा उत्सव समिति ने लगभग सारी तैयारियां कर ली हैं। पुलिस प्रशासन ने भी दशहरा उत्सव में शामिल होने वाले मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री सहित अन्य वीआईपी के साथ लाखों की संख्या में पहुंचने वाले लोगों को देखते हुए सुरक्षा के साथ पार्किंग व्यवस्था भी की है। इसके तहत अतिथियों एवं वीआईपी लोगों के लिए मंच के पास ही पार्किंग व्यवस्था है, वहीं आम लोगों के लिए दशहरा मैदान से लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर दूर पार्किंग व्यवस्था की है। दशहरा मैदान के चारों ओर की सड़कों को नो व्हीकल जोन में बदला जाएगा, ताकि पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। कार्यक्रम के दौरान उरकुरा से रायपुर स्टेशन के बीच ट्रेनें भी अधिकतम 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी। दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक यह व्यवस्था लागू रहेगी। दशहरा उत्सव देखने रेलवे ट्रैक तक लोगों की भीड़ रहती है। लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे प्रशासन ने भी आवश्यक कदम उठाए है। इसके तहत कार्यक्रम खत्म होने तक इस रूट से गुजरने वाली ट्रेन के लोको पायलट को लगातार हॉर्न बजाते हुए ट्रेन आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए है।

इस तरह रहेगा पार्किंग स्थल और गाड़ियों की व्यवस्था

पुलिस प्रशासन ने भीड़ की सुगमता के लिए अलग-अलग दिशाओं से आने वाले वाहन को मैदान से पहले ही रोकने और पार्क करने की व्यवस्था की गई है। इसके तहत वीआईपी और मुख्य अतिथियों में राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए मुख्य मंच के पास और डब्ल्यूआरएस ग्राउंड के सुरक्षित जोन में वीआईपी पार्किंग आरक्षित की गई है। इसी प्रकार फाफाडीह और रेलवे स्टेशन की ओर से आने वाले वाहन के लिए डब्लूआरएस कॉलोनी के प्रवेश मार्गों के पास चिन्हित खाली मैदान और निर्धारित रेलवे स्कूल/कॉलोनी परिसरों के निकट पार्किंग स्पेस दिया गया है।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

दर-दाँत (गम पेंट) असली केंदवा मलहम
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है-रेडीमेड रिटेल शॉप में कार्य करने के लिए सेल्समैन, सेल्सगर्ल की आवश्यकता है आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सारथी रेडीमेड शोरूम श्रीराम क्लॉथ मार्केट अग्रसेन चौक बिलासपुर 8319617107, 9827112950 (42138)

आवश्यकता है-कपड़ा दुकान में काम करने के लिए सेल्समैन, सेल्सगर्ल, हेल्फर की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन- योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- पर्ख रिंग रोड नं-2, नर्मदा नगर बिलासपुर 7777080903 (42139)

आवश्यकता है-अनुभवी इंडियन/ चाइनीज/ तन्दूर शैफ डिलिवरी ब्वॉय एवं होटल में किचन तथा काउंटर संभालने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- करबला रोड बिलासपुर 9329233000, 7869586011 (42130)

आवश्यकता है-नारायण प्लाजा लिंक रोड में साफ सफाई कार्य करने के लिए लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8827357825 (42124)

आवश्यकता है-मित्तल स्टील इस्पात मोहदा बिलासपुर में डिप्लोमा मैकेनिकल-1 डिप्लोमा इलेक्ट्रीकल-1, ITI फिटर- 2, ITI इलेक्ट्रीशियन-1 वेल्डर सहायक-1, कार ड्राइवर-1 की। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- व्यापार विहार FCI रोड बिलासपुर 7879883245 (42137)

आवश्यकता है-टेलीकॉलर युवती, अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव युवक चाहिए वेतन+ इंसेंटिव योग्यता अनुसार सोलर इंडस्ट्रीज में काम किए हुए को प्राथमिकता सम्पर्क करें- AVS Enterprises सोलर कम्पनी सीएमडी चौक, बिलासपुर 7000410007, 7869786986 (42126)

आवश्यकता है-(1) कम्प्यूटर ऑपरेटर- 3, अनुभव 2वर्ष टेंडर कार्य, ऑनलाइन, जेम, ऑफ लाइन वेतन 15000 से 25000 (2) मार्केटिंग ऑफिसर-4, वेतन 25000 से 40000 अनुभव 3वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited कार्या.- प्रथम तल 06 जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर (छत्तीसगढ़) 87200 05500 (815)

आवश्यकता है-सलवार सूट ब्लाउज सिलाई करने वाले महिला एवं पुरूष की जरूरत है विशेष दो महिने में पूर्ण रूप से सिलाई सिखाई जाती है। सम्पर्क करें-अम्बा सुपर मार्केट उस्लापुर बिलासपुर 62656 15968 (42121)

आवश्यकता है-मंथली एवं लॉंग टूर में गाड़ी चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवरों और ऑफिस में कार्य हेतु 10वीं, 12वीं पास लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-बिलासपुर 9300672005 (41980)

आवश्यकता है-ज्वेलर्स शॉप में कार्य करने हेतु सेल्समैन हेतु शिक्षित अनुभवी लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क- श्रीशारदा एंड संस, श्याम सदर सराफा कांप्लेक्स सदर बाजार बिलासपुर 7024036104 (42136)

आवश्यकता है-होटल में कम्प्यूटर ऑपरेटर लड़के की आवश्यकता है। वेतन 12000 से 25000 समय 8 am to 8 pm तक सम्पर्क करें- होटल रॉयल रामा पुराना बस स्टैण्ड टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 9893392495 (42129)

आवश्यकता है-थोक दवा दुकान में माल निकालने, जमाने, पैकिंग, डिलिवरी हेतु लड़कों की। अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार मिलें- नितिन मेडिकल एजेन्सी 34 मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा बिलासपुर 74300 00011 (42098)

आवश्यकता है-(1) लोडिंग गाड़ी चलाने हेतु दो ड्राइवर (2) दो हमाल (3) सुपर बाजार में कार्य करने हेतु चार लड़के (4) अनुभवी दो कम्प्यूटर ऑपरेटर (5) सूपा, चलनी झाड़ू पोंछा हेतु दो महिलाएं चाहिए सम्पर्क करें-9827998640 76480 86615 (42134)

आवश्यकता है-घरेलू कार्य करने हेतु (24 घंटे के लिए) बाई की आवश्यकता है। रहने और खाने की सुविधा दी जाएगी सम्पर्क करें- 96859 01101 (42135)

आवश्यकता है-सिविल इंजीनियर - ऑटो कैड, स्ट्रक्चरल ड्रॉइंग तथा साइट मैनेजमेंट अनुभवी एवं सिविल साइट सुपरवाइजर- निर्माण कार्य तथा स्वतंत्र रूप से साइट संचालन का अनुभवी। वेतन- योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 9770770000, 98270 72000 (42094)

आवश्यकता है-विहान फर्नीचर में कार्य हेतु अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्सगर्ल, सेल्सबॉय एवं फिटर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- विहान फर्नीचर, भारतीय नगर चौक, आस्था पेट्रोल पम्प के सामने, बिलासपुर 79999 99517, 9993243600 (42122)

आवश्यकता है-वृंदावन परिसर बिलासपुर में कॉस्मेटिक ज्वेलरी दुकान में काम करने हेतु स्टाफ की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- महामाया कॉस्मेटिक एंड ज्वेलरी बिलासपुर 91116 11116 (42123)

आवश्यकता है-फर्नीचर शो रूम में काम करने के लिए सेल्समैन, वर्कर, चौकीदार कारपेन्टर (बढ़ई) की अतिशीघ्र आवश्यकता है तत्काल सम्पर्क करें - 9300612345 (42125)

आवश्यकता है-एस.एस. पब्लिक स्कूल बैमा नगोई बिलासपुर CBSE एफिलेटेड अंग्रेजी माध्यम स्कूल में वाइस प्रीसिपल चाहिए एवं 6वीं से 10वीं में इंग्लिश, SST टीचर की आवश्यकता है सम्पर्क करें-7697425610 (42127)

बेचना है

बेचना है-शहर के हृदय स्थल शनिचरी बाजार मेन मार्केट में 20×28 की डबल डेकर दुकान बेचना है। सम्पर्क करें- 7828815551 (42133)

बेचना है-तिफरा स्थित, नए बस स्टैण्ड के पीछे, अभिलाषा परिसर में दूसरी मंजिल का, 340 वर्गफीट पर बना, EWS मकान (1BHK) बेचना है। कीमत 9लाख सम्पर्क करें- 7587234087 (42131)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 5.00 PM

सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक,संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

MedicareSpecialists

सोरायसिस एवं चमड़ी रोग
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखूनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झुठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.वी. अग्रवाल (BAMS MD)
(चर्म रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वस्थ्य टॉवीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
→जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो.-9644018888, 7581808267
→जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो.-9303508230
→शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-मो.-9993567380, 8770837744
→एड प्रयास:-मो.-9826701269, 9926003943
→श्यामनानी एडवरटाईजर्स:-मो.-9827168452, 9300625174
→रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:-मो.-9826129386, 8319503386
→जे.जे. एडवरटाइजर्स:-मो.-9300659628
→रौनक पब्लिसिटी:-मो.-9300328290, 9981658490
→भार्गव एडवरटाइजर्स:-मो.-9827167997
→श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:-मो.-9826705603
→एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:-मो.-9827180896, 9131155033
→श्री श्याम पब्लिसिटी:-मो.-9425540759
→अमित पब्लिकेशन:-मो.-9826304304, 9827124304
→विप्रा विज्ञापन सेवा:-मो.-9302462506
→माधवास & कम्पनी:-मो.-9977185123, 9893115084
→बालाजी एडवरटाइजर्स:-मो.-9827466133, 9907047586
→हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाइजमेंट:-मो.-8109229025

क्या आप देना चाहते हैं अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह"
तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासीफाईड
लघु विज्ञापन हेतु संपर्क करें 9826782100

बिना हाथों के तीरंदाजी का जादुई कमाल, शीतल देवी ने की विश्व रिकॉर्ड की बराबरी

एजेंसी ▶▶| नागोया

भारतीय तीरंदाज शीतल देवी ने एशियाई पैरा खेलों में महिला कंपाउंड क्वालीफाइंग राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और फिर तोमन कुमार के साथ मिलकर मिश्रित टीम स्पर्धा में एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।

भुजाहीन शीतल कंपाउंड धनुष को सही स्थिति में लाने के लिए अपने पैरों और डोरी को खींचने और छोड़ने के लिए अपने कंधे और जबड़े का इस्तेमाल करती है। उन्होंने महिला कंपाउंड रैंकिंग राउंड में 720 में से 704 अंक हासिल करके विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और नया एशियाई रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद उन्होंने तोमन के साथ मिलकर कंपाउंड मिश्रित टीम रैंकिंग राउंड में 1402 अंक बनाकर 1400 के पिछले रिकॉर्ड को पार किया। तोमन ने पुरुषों के कंपाउंड क्वालीफाइंग में 698 अंक हासिल किए। पिछला मिश्रित टीम विश्व रिकॉर्ड भी शीतल ने ही बनाया था, हालांकि उस समय उनकी टीम में राकेश कुमार थे।



एशियाई पैरा खेल

निषाद ने लंबी कूद में जीता गोल्ड

निषाद कुमार ने एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता की लंबी कूद टी47 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले एशियाई पैरा खेलों में भी ऊंची कूद की टी47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने मौजूदा खेलों की पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता के पहले दिन लंबी कूद में अपने तीसरे और पांचवें दोनों प्रयासों में 7.11 मीटर की छलांग लगाई। दिलचस्प बात यह है कि वह पहली बार लंबी कूद में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।



निशानेबाज मोना ने जीता स्वर्ण

मोना अग्रवाल ने फाइनल में शानदार वापसी करते हुए अपनी हमवतन अवनि लेखरा को पछाड़कर महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया, जिससे भारत ने शीर्ष दो स्थान हासिल कर एशियाई पैरा खेलों की पदक तालिका में खाता खोला। पेरिस पैरालंपिक 2024 की कांस्य पदक विजेता मोना ने छठे स्थान से वापसी करते हुए 250.0 अंक के साथ एशियाई पैरा खेलों का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने दो बार की पैरालंपिक चैंपियन अवनि को महज 0.4 अंक से पछाड़ा। गत चैंपियन के तौर पर उतरीं 24 वर्षीय अवनि को 249.6 अंकों के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

भाला फेंक में रिंकू को स्वर्ण

रिंकू ने सोमवार को यहां एशियाई पैरा खेलों की पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि उनके हमवतन अजीत सिंह ने रजत पदक हासिल किया। रिंकू ने 65.11 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने अजीत को महज नौ सेंटीमीटर के अंतर से पीछे छोड़ा। अजीत ने 65.02 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता।





दृष्टिबाधित जूडो में 2 पदक

भारत के दृष्टिबाधित जूडो खिलाड़ियों ने सोमवार को एशियाई पैरा खेलों में दो पदक जीते, जिसमें कोकिला ने महिलाओं के जे2-52 किग्रा वर्ग में रजत पदक जबकि कपिल परमार ने पुरुषों के जे1-70 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। कोकिला को फाइनल में किर्गिस्तान की ऐबिके उलानबेक काइजी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। कपिल को सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के जुनेदी के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाई।

रणजी ट्रॉफी : प्रथम श्रेणी क्रिकेट में यह आंकड़ा छूने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने

सुतार ने खेली 400 रन की नाबाद पारी

एजेंसी ▶▶| सोविमा

मिजोरम के चिन्मय सुतार ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 400 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बनकर इतिहास रच दिया। सुतार ने यह दुर्लभ उपलब्धि नागालैंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच के दूसरे दिन हासिल की। इस मुकाम पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज भाऊसाहेब बाबासाहेब निंबालकर थे, जिन्होंने 1948 में महाराष्ट्र की तरफ से खेलते हुए काठियावाड़ के खिलाफ नाबाद 443 रन बनाए थे। मिजोरम की टीम से जुड़ने से पहले मुंबई की तरफ से विजय हजारे ट्रॉफी खेल चुके सुतार 400 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 517 गेंद का सामना करके 46 चौके और 7 छक्के लगाए। मिजोरम ने अपनी पहली पारी नौ विकेट 581 रन पर समाप्त घोषित की।

सुतार ने की दसवें विकेट के लिए 189 रन की साझेदारी

जब सुतार 231 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे, तभी आखिरी बल्लेबाज लालरेमपुइया छकछुआक उनके साथ बल्लेबाजी करने के लिए क्रीज पर आए। उस समय मिजोरम का स्कोर 392 था। सुतार ने उनके साथ दसवें विकेट के लिए 189 रन की साझेदारी की। इसमें सुतार का योगदान 169 रन का रहा। लालरेमपुइया 14 रन बनाकर नाबाद रहे।



सर्वाधिक स्कोर बनाने में लारा शीर्ष पर

प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक पारी में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के दिग्गज खिलाड़ी ब्रायन लारा के नाम पर दर्ज है। उन्होंने 1994 में वारविकशर की तरफ से खेलते हुए डरहम के खिलाफ नाबाद 501 रन बनाए थे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 400 या इससे अधिक रन बनाने वाले अन्य बल्लेबाजों में हनीफ मोहम्मद (1959 में कराची के लिए 499 रन), डॉन ब्रैडमैन (1930 में न्यू साउथ वेल्स के लिए नाबाद 452 रन), बिल पोंसफोर्ड (1923 में विक्टोरिया के लिए 429 और 1927 में विक्टोरिया के लिए 437 रन), आफताब बलूच (1974 में सिंध के लिए 428 रन), सैम नॉर्थईस्ट (2022 में ग्लैमोरगन के लिए नाबाद 410 रन), ग्रीम हिक (1988 में वॉर्सेस्टरशर के लिए नाबाद 405 रन नाबाद) और ब्रायन लारा (2004 में वेस्टइंडीज के लिए नाबाद 400 रन) शामिल हैं।

गुजरात के खिलाफ दिल्ली ने खड़ा किया 648 का स्कोर



रणजी ट्रॉफी 2026-27 के पहले लेग में दिल्ली को बंगाल के खिलाफ पहले मुकाबले में हार मिली थी। उसके बाद अब दूसरे मैच में आयुष बडोनी की कप्तानी वाली दिल्ली की टीम ने बेहतरीन शुरुआत की है। गुजरात के खिलाफ इस मुकाबले में दिल्ली ने पहले खेलते हुए पहली पारी 648 रन पर घोषित की। दिल्ली के लिए कप्तान आयुष बडोनी ने 217 और ओपनर प्रियांश आर्या ने 199 रन की पारी खेली। आयुष और प्रियांश के अलावा सुमित माथुर ने 92 और विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत ने 61 गेंद पर 61 रन की पारी खेली।

महिला क्रिकेट

जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरा और अंतिम टी20 मैच आज



एजेंसी ▶▶| रायपुर

शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लय में लौटने के बाद उत्साह से लबरेज भारतीय महिला क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ मंगलवार को होने वाले तीसरे अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने और 3-0 से क्लीन स्वीप करने का लक्ष्य लेकर मैदान पर उतरेगी। मंधाना का फॉर्म में लौटना भारत के लिए बड़ा सकारात्मक पहलू है क्योंकि वह फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लय बनाए रखना चाहेंगी। मंधाना और शेफाली की सलामी जोड़ी एक बार फिर मजबूत शुरुआत देकर जिम्बाब्वे के गेंदबाजी आक्रमण पर दबाव बनाने की कोशिश करेगी। भारत ने तीसरे नंबर पर जेमिमा रोड्रिग्स के चोटिल हो जाने के कारण अनुष्का शर्मा को मौका दिया लेकिन यह 23 वर्षीय खिलाड़ी पहले मैच में केवल चार रन बना पाई थी जबकि दूसरे मैच में उन्हें खेलने का खास मौका नहीं मिला। अब वह मौका मिलने पर अपनी छाप छोड़ने की पूरी कोशिश करेगी।

खबर संक्षेप



एलिना स्वितोलिना ने तोड़ा विवाह बंधन

पेरिस। एलिना स्वितोलिना ने साथी टेनिस खिलाड़ी गेल मोनफिल्स के साथ विवाह बंधन खत्म करने की घोषणा की। यूक्रेन की विश्व में छठे नंबर की खिलाड़ी स्वितोलिना ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, 'यह अब तक का सबसे मुश्किल फैसला है, जिसे मुझे साझा करना पड़ रहा है।' स्वितोलिना ने अपने देश में जंग के कारण उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले भावनात्मक प्रभाव के बारे में बात की। उन्होंने यह भी बताया कि जब उन्होंने ठीक होने के लिए टेनिस से ब्रेक लिया तो मोनफिल्स ने उनकी कैसे मदद की। उन्होंने कहा, लेकिन कुछ जंग आप अपने अंदर खुद ब खुद लड़ते हैं और किसी और के प्यार से उन्हें जीता नहीं जा सकता। समय के साथ मुझे समझ आया कि मुझे खुद अपने लिए रास्ता तैयार करना होगा और ऐसा मैं वैवाहिक जीवन के साथ नहीं कर सकती।' मोनफिल्स और स्वितोलिना की एक बेटी है।

28 को डब्ल्यूपीएल की नीलामी

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज कमलिनी, स्नेह राणा, सोफी मोलिन्यू और श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू उन 146 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें 28 अक्टूबर को कोच्चि में होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी सूची में रखा गया है। लीग के 2027 सत्र से पहले उपलब्ध 27 स्थानों के लिए इन खिलाड़ियों पर बोली लगेगी।

बैडमिंटन टूर्नामेंट

आज से फ्रेंच ओपन, सिंधू की वापसी पर नजर



एजेंसी ▶▶| पेरिस

अनुभवी पीवी सिंधू की अगुवाई में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हाल के अपने खराब प्रदर्शन को पीछे छोड़कर मंगलवार से शुरू होने वाले 950,000 अमेरिकी डॉलर इनामी फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे।

सिंधू महिला एकल के पहले दौर में दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त आन से यंग का सामना करेंगी, जबकि पुरुष एकल में छठी वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन पहले मुकाबले में जापान के कोदाई नाराओका से भिड़ेंगे।



श्रीकांत-आयुष शेट्टी में मुकाबला

पुरुष एकल में किदाम्बी श्रीकांत का पहला मुकाबला हमवतन आयुष शेट्टी से होगा। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी एशियाई खेलों के पहले दौर में बाहर हो गए थे। फ्रेंच ओपन में उनका सामना फ्रांस के दो भाइयों क्रिस्टो पोपोव और टोमा जूनियर पोपोव से होगा।

त्रीसा-गायत्री की भिड़ंत चुन और युन से

महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी पहले दौर में ताइवान की लिन चिह-चुन और यांग चू युन से भिड़ेगी। महिला एकल में भारत की दो उभरती हुई खिलाड़ी तन्वी शर्मा और इशारानी बरुआ पहले दौर में एक-दूसरे का सामना करेंगी। अश्मिता चालिहा चीन की हान कियान शी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी, जबकि उन्नति हुडा का सामना जापान की रिको गुंजी से होगा। देविका सिहाग पहले दौर में इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी का सामना करेगी।

हांगकांग सिक्सेस : गुलबदीन नायब की कप्तानी में अफगानिस्तान टीम घोषित



नई दिल्ली। अफगानिस्तान ने हांगकांग सिक्सेस 2026 के लिए गुलबदीन नायब की कप्तानी में सात सदस्यों की एक अनुभवी टीम का ऐलान किया है। यह टीम 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक टिन क्वॉन्ग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड में होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। गुलबदीन नायब की वाली टीम में फरमानुल्लाह सफी, इमरान मीर, अब्दुल रहमान, करीम जन्नत, नांगेयालिया खारोटे और सेदिकुल्लाह पाचा को जगह मिली है। अफगानिस्तान को ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका और ओमान के साथ रखा गया है। सिक्स-ए-साइड फॉर्मेट में खेले जाने वाले मैचों में, टीमों को बॉल और फील्ड में डिसिप्लिन बनाए रखते हुए स्कोरिंग के मौके बनाने होंगे। हांगकांग सिक्सेस में हर टीम में छह खिलाड़ी और हर इनिंग में छह ओवर होते हैं। छोटा फॉर्मेट लंबे समय तक मजबूती के लिए बहुत कम जगह छोड़ता है, जिससे हर तरह का योगदान खास तौर पर कीमती हो जाता है। अफगानिस्तान के कैंपेन में नायब का इंटरनेशनल लेवल पर अनुभव बहुत काम आएगा। टीम का मकसद टूर्नामेंट की जरूरतों के हिसाब से तेजी से ढलना और एक मनोरंजक क्रिकेट देना होगा। अफगानिस्तान के हिस्सा लेने का स्वागत करते हुए, क्रिकेट हांगकांग, चीन के कमर्शियल और मार्केटिंग डायरेक्टर अनुराग भटनागर ने कहा कि टीम का तरीका टूर्नामेंट की अपील को और बढ़ाएगा।



अब हर दिन है ज्वेलरी की खरीदारी का शुभ दिन

SUMEET
Shubh Aarambh

365 दिन

न्यूनतम मेकिंग चार्जेस

FLAT
2.99%*
Making Charges
on
22kt
Plain Gold
Jewellery

FLAT
4.99%*
Making Charges
on
20kt
Plain Gold Jewellery
22kt
Fancy Gold Jewellery

*T&C apply

Follow us
@sumeet_shubhaarambh

Ground Floor, Sumeet Jewellers, Malviya Road, Raipur 7880097719

Exclusive Counters At: Basantpur Road, Rajnandgaon | Pulgaon Chowk, Durg
Ganj Road, Nawapara, Rajim | Main Bazaar, Korba

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com